


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22






## दूसरे दलों से लौटने वाले निष्ठावान माने जाएंगे या नहीं स्पष्ट नहीं, खराब रिपोर्ट वाले विधायकों का क्या होगा?

श्रीकंचनपथ न्यूज़

**भिलाई।** स्वतंत्रता दिवस की मध्यरात्रि तक चली कांग्रेस की अहम् चुनावी बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। टिकट वितरण के दो प्रमुख आधार होंगे। पहला पार्टी के प्रति निष्ठा और दूसरा जीत की पूरी संभावना। कांग्रेस चुनाव समिति की यह पहली बैठक थी। इसलिए टिकट के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया पहले तय की गई। प्रत्येक दावेदार को ब्लाक स्तर पर आवेदन करना अनिवार्य किया गया है। ब्लाक से जिला और जिले से पीसीसी तक आवेदन भेजे जाएंगे। इसके लिए समयसीमा भी निर्धारित कर दी गई है। स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा कांट-छांट के बाद प्रत्याशियों के नामों का ऐलान केन्द्रीय चुनाव समिति करेगी। चुनाव समिति की बैठक के बाद कई बातों को लेकर अस्पष्टता भी देखने को मिली है। कांग्रेस छोड़कर दूसरे दलों में शामिल होने वाले और फिर वापस लौटने वालों को निष्ठावान माना जाएगा या नहीं? और हार की संभावना वाले विधायकों के टिकट कटेंगे या दिए जाएंगे, इस पर सवाल है।




### कांग्रेस की पहली चुनावी बैठक में अनुत्तरित रहे कई सवाल

चुनाव समिति की इस पहली बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, चुनाव समिति और पीसीसी के अध्यक्ष दीपक बैज, डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव और स्पीकर चरणदास महंत समेत समिति में शामिल 8 मंत्री और पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने बताया कि सीएम भूपेश बघेल व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने पिछले चुनाव को लीड किया था, उन्होंने बैठक में अपने अनुभवों को साझा किया। क्योंकि इस समय कांग्रेस सत्ता में है और मौजूदा हालात में किस तरह काम करना है, इस पर बैठक में चर्चा की गई है। बैठक में तय किया गया कि टिकट दावेदारों के आवेदन केवल ब्लॉक में ही लिए जाएंगे। किसी भी बड़े नेता या चुनाव समिति के सदस्यों से सीधे आवेदन स्वीकार नहीं होगा। 17 से 22 अगस्त तक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में आवेदन लिए जाएंगे। दावेदारों से आवेदन की कोई फीस नहीं ली जाएगी। आवेदन पत्र ऑनलाइन अपलोड किया जाएंगे, जिसे भरकर देना होगा। 24 अगस्त तक सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में नामों को लेकर मीटिंग पूरी कर ली जाएगी। ब्लॉक कमेटी 1 से 5 नामों का पैनल बनाकर दे सकती हैं, हालाकि कमेटी के पास आए सारे आवेदन उन्हें जिला कांग्रेस कमेटी को देने होंगे। 26 अगस्त तक ब्लॉक कमेटी के पाए आए आवेदन और उनके प्रस्ताव जिला कांग्रेस कमेटी को देने होंगे। 29 अगस्त तक हर हाल में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक होनी चाहिए। जिला कांग्रेस कमेटी 3 नामों का पैनल बनाकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेगी। जिसमें सारे आवेदन और प्रस्ताव दोनों ही शामिल होंगे।

### इन्होंने की चुनावी बैठक में भागीदारी

चुनाव समिति की बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, समिति के अध्यक्ष और पीसीसी चीफ दीपक बैज, विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत, डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव और आठ मंत्रियों हुए, जिनमें ताम्रध्वज साहू, रविन्द्र चौबे, मोहम्मद अकबर, अनिला भेड़िया, जयसिंह अग्रवाल, मोहन मरकाम, रुद्रकुमार गुरु और शिव डहरिया शामिल थे। इनके अलावा प्रदेश सहप्रभारी विजय जांगिड़, प्रभारी सचिव चंदन यादव, विधायक धनेन्द्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, अमितेश शुक्ल, विकास उपाध्याय, राजेश तिवारी, पारस चोपड़ा, युकां अध्यक्ष आकाश शर्मा, एनएसयूआई अध्यक्ष नीरज पाण्डेय, सेवा दल प्रमुख और महिला कांग्रेस पद से इस्तीफा देने के बावजूद फूलोदेवी नेताम बैठक में शामिल रहीं।

### दावेदार को बतानी होगी अपनी उपलब्धियां

17 अगस्त से शुरू हो रही आवेदन प्रक्रिया को लेकर प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार को अपना पूरा ब्यौरा देना होगा कि अब तक उन्होंने कौन से काम किए हैं। उन्होंने कहा कि आवेदनों की छंटनी हमेशा से ही होती आई है और इस बार भी होगी। सैलजा ने दो टूक कह दिया है कि किसी भी प्रत्याशी के आवेदन पार्टी के बड़े नेता या फिर चुनाव समिति के सदस्यों से स्वीकार नहीं किए जाएंगे, बल्कि उम्मीदवारों को 17 से 22 अगस्त तक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में ही टिकट के लिए आवेदन करना होगा। ब्लॉक और जिला के बाद प्रदेश चुनाव समिति अपनी भूमिका निभाएगी। इसके बाद केन्द्रीय चुनाव समिति तक जितने भी आवेदन और उनके साथ ब्लॉक, जिला और इलेक्शन कमेटी की सिफारिश भेजी जाएंगी। तब नाम तय किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक होगी और उस बैठक के बाद कोशिश होगी की कुछ नाम पहले जारी किए जाएं।

### हर बार बनते हैं नियम कायदे, पर अमल नहीं

चुनावी प्रक्रिया प्रारम्भ होने के साथ ही कांग्रेस में हर बार नए-नए नियम कायदे बनाए जाते हैं, किन्तु उन नियमों को उच्चस्तरीय बैठकों में हर बार धत्ता बता दिया जाता है। शायद यही वजह है कि पहली चुनावी बैठक में तय किए मापदंड़ों को लेकर टिकट दावेदार ज्यादा उत्साहित नहीं है। पार्टीजनों का मानना है कि पहली ही बैठक में जो मापदंड तय किए गए हैं, यदि उन पर अमल किया जाएगा तो वर्तमान विधायकों में से आधे से ज्यादा के टिकट संकट में आ जाएंगे। पार्टी जाहिर तौर पर इतना बड़ा रिस्क नहीं ले पाएगी, क्योंकि इतनी बड़ी संख्या में विधायकों के टिकट काटने से भीतरघात का बड़ा खतरा होगा। पिछले चुनावों में कांग्रेस कई नियम कायदे बना चुकी है। मसलन 2 बार या उससे ज्यादा चुनाव हारे व्यक्ति को टिकट नहीं देना, नेताओं के रिश्तेदारों को टिकट नहीं देना, अनुशंसा में आए नामों पर विचार नहीं करना आदि शामिल हैं। लेकिन पार्टी के भीतर यह सब कुछ होता रहा है।

### कोटा नहीं, जीत होगी महत्वपूर्ण

चुनाव समिति की बैठक में शामिल डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि टिकट के मामले में नेताओं का कोई कोटा नहीं रहेगा। इससे पहले भी केवल एक ही क्राइटेरिया रखा गया था कि विनिंग कैंडिडेट हो। वो कौन और किस नेता से जुड़ा है ये मायने नहीं रखता। उन्होंने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि किसी उम्मीदवार को केवल इसलिए टिकट नहीं दी जानी चाहिए कि वह टीएस सिंहदेव से जुड़े हुए हैं बल्कि उन्हें दिया जाना चाहिए जो जीत सकते हैं। दावेदारों की लंबी फेहरिस्त को लेकर टीएस सिंहदेव ने कहा कि जिन विधानसभा सीटों में ज्यादा दावेदार होते हैं, वहां जीत मुश्किल होती है। वहीं नए चेहरों को लेकर उन्होंने कहा कि पिछली बार सारी पार्टियों को मिलाकर 52 नए चेहरों को जीत मिली थी, इसलिए चुनाव में नए चेहरों को भी मौका दिया जाना चाहिए।

## खास - खबर



### छत्तीसगढ़ में तेज बारिश का अलर्ट, आईएमडी ने वज्रपात की भी दी चेतावनी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बीते एक हफ्ते से बारिश की गतिविधियां थमी थी। अब सूबे में एकबार फिर भारी बारिश के आसार बन रहे हैं। मौसम विभाग का कहना है कि सूबे के विभिन्न हिस्सों में एक नया सिस्टम सक्रिय होने से अगले तीन से चार दिन तक हल्की से मध्यम बारिश संभव है। खासकर बस्तर और सरगुजा संभाग के जिलों में भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया गया है। कुछ स्थानों पर वज्रपात की चेतावनी भी जारी की गई है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि सूबे के अधिकांश हिस्सों में बारिश के चलते तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की जाएगी।

मौसम विभाग की ओर से जारी ऑल इंडिया वेदर बुलेटिन के मुताबिक, हिमालय की तलहटी में पहाड़ियों पर मौजूदा वक्त में एक मानसूनी ट्रफ सक्रिय है जिसके दक्षिण की ओर बढ़ने की संभावना है। 18 अगस्त से यह मानसूनी ट्रफ अपनी सामान्य स्थिति के करीब पहुंच जाएगी। इतना ही नहीं दक्षिण पश्चिम बांग्लादेश के आसपास एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी मौजूद है।

मौसम विज्ञानियों का कहना है कि उक्त मौसमी परिस्थितियों के कारण सूबे में जोरदार बारिश का माहौल बनेगा। मौसम विभाग के मुताबिक, ताजा वेदर सिस्टम के चलते अगले तीन से चार दिन तक सूबे के अधिकांश हिस्सों में जोरदार बारिश देखी जा सकती है। यदि अगले 24 घंटे की बात करें तो सूबे में भारी से ज्यादा भारी बारिश की चेतावनी नहीं दी गई है। कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश देखी जा सकती है।

सूबे के सूरजपुर, बलरामपुर, बिलासपुर, बिलासपुर, बस्तर, बेमेतरा, सारंगढ़, रायपुर और कोरबा जिलों के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश देखी जा सकती है। सूबे में 17 से 19 अगस्त के दौरान हल्की से मध्यम बारिश देखी जा सकती है। मौसम विज्ञानियों की मानें तो इसी दौरान सूबे के कुछ हिस्सों में गरज चमक के साथ भारी बारिश देखी जा सकती है। इस दौरान तेज हवांए चलने और वज्रपात की चेतावनी भी जारी की गई है।

## पुलिस ने दो तस्करों को किया गिरफ्तार कार में लेकर घूम रहे थे 36 किलो गांजा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** बालोद पुलिस को दो गांजा तस्करों को पकड़ने में कामयाबी मिली है। आरोपी एक काम में गांजे की तस्करी के लिए जा रहे थे। पूरा मामलाथाना सनौद क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने 36 किलो गांजा बरामद किया है। जिसकी कीमत 2,52,000 रुपये बताई जा रही है। आरोपी भीलवाड़ा राजस्थान के रहने वाले हैं। मामले में आरोपी अशोक प्रजापत पिता कन्हैया लाल उम्र 27 वर्ष निवासी मंदिर गली घोबी मोहल्ला प्रतापनगर, भीलवाडा, थाना प्रतापनगर, जिला भीलवाडा राजस्थान और भगवान सिंह राजपूत पिता रामसिंग, उम्र 22 वर्ष, निवासी भवानी नगर, पावर हाउस के पीछे प्रतापनगर थाना प्रतापनगर जिला भीलवाडा राजस्थान को गिरफ्तार किया गया है और न्यायालय में आरोपियों को पेश किया गया है। जिसके बाद रिमांड में लेकर उन्हें जेल भेज दिया गया है।




सनौद के थाना प्रभारी भुजबल साहू ने बताया कि सूचना मिली कि एक सफेद रंग की कार में गांजे की तस्करी की जा रही है। जिसके बाद पूरी टीम के साथ थाना सनौद तिराहा चौक पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा था। दो आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है।

## छत्तीसगढ़ का ऐसा इलाका जहां पहली बार फहराया गया तिरंगा, जो करते थे विरोध अब वहीं दे रहे सलामी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बस्तर।** छत्तीसगढ़ के अति संवेदनशील नक्सल प्रभावित गांव बुरगुम, तुमरीगुंडा और बड़ेगादम में आजादी के 77 साल बाद पहली बार तिरंगा फहराया गया। दंतेवाड़ा जिला पुलिस, बस्तर फाइटर्स और ग्रामीणों की मौजूदगी में पहली बार यहां के लोगों ने तिरंगे को लहराता हुआ देखा। इस मौके की खास बात यह रही कि कभी झंडा फहराने का विरोध करने वाले नक्सली अब सरेंडर करने के बाद उसी तिरंगे को सलामी देते नजर आए। दहशत के बीच आजादी के जश्न में पहली बार गांव के लोग भी शामिल हुए।

बता दें कि दंतेवाड़ा जिले के तीनों गांवों को माओवादी हिंसा की वजह से अतिसंवेदनशील श्रेणी में रखा गया है।





इन गांवों में नक्सली हमेशा से ही स्वतंत्रता दिवस का बहिष्कार करते आए हैं। आजादी के पर्व के दिन नक्सली अंदरूनी क्षेत्रों में काला झंडा फहराकर विरोध जताते हैं। ये गांव उन्हीं गांव में से थे, जहां नक्सली हमेशा काला झंडा फहराते थे। तुमरीगुंडा इंद्रावती नदी के दूसरी ओर स्थित है, जहां बेहद घना जंगल है। पुलिस और बस्तर फाइटर्स के जवानों ने वहां जाकर तिरंगा फहराया है।

### डीआरजी-बस्तर फाइटर्स के जवान रहे मौजूद

दंतेवाड़ा रेंज के डीआईजी कमलोचन कश्यप, दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने इस बार नक्सल प्रभावित गांवों में झंडा फहराने की रणनीति बनाई। फोर्स के जवानों को लेकर पुलिस अफसर अति नक्सल प्रभावित गांव बुरगुम, तुमरीगुण्डा और बड़ेगादम पहुंच। 15 अगस्त को यहां पहली बार आजादी का जश्न जिला पुलिस बल (डीआरजी) और बस्तर फाइटर्स के जवानों की मौजूदगी में तिरंगा फहराया मनाया गया। दहशत के बावजूद राष्ट्रीय ध्वज को फहराने बच्चे और ग्रामीण भी पहुंचे।

### लोन वर्राटू अभियान से घर वापसी की अपील

एसपी गौरव राय ने कहा कि नक्सलगढ़ में लाल आतंक की जड़े कमजोर हो रही हैं। वह दिन दूर नहीं जब गांव के लोग नक्सलवाद के भय से मुक्त होकर आजादी का खुलकर जश्न मना पाएंगे। सरकार के नक्सल पुनर्वास नीति और लोन वर्राटू अभियान (घर वापस आइये) से नक्सली समर्पण कर रहे हैं। अभी तक कुल 615 नक्सलियों ने सरेंडर किया है, जिसमें 159 इनामी माओवादी हैं। कभी 'लाल आतंक' का साथ देने वाले नक्सली अब भारत माता की जय बोल रहे हैं।

## प्रधानमंत्री झाड़ू उठा सकते हैं तो बच्चे क्यों नहीं

श्रीकंचनपथ




बालोद जिले के एक गांव में स्कूली बच्चों ने सफाई में हाथ क्या बंटाया, बवाल मच गया। किसी ने इसका वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बताते हैं कि पालकों में इस घटना को लेकर असंतोष है। उनकी मांग पर जिला शिक्षा अधिकारी ने घटना की जांच का आश्वासन दिया है। घटना जिले के गुरूर विकासखंड के ग्राम चिटौद स्थित प्रायमरी स्कूल की है। दरअसल, आजादी के 75 साल बाद भी लोग सामंती मानसिकता से मुक्त नहीं हो पाए हैं। उन्हें सफाई का कार्य आज भी क्लास फोर स्टाफ का लगता है। यही कारण है कि देश कूड़े के ढेर पर बैठा दिखाई देता है। सरकार के बार-बार कहने के बाद भी स्थिति ज्यादा नहीं बदली जा सकी है। कोई तीन-चार दशक पहले अर्जुन्दा का एक हाईस्कूल अपनी स्वच्छता के लिए पुरस्कृत हुआ था। इस स्कूल की स्वच्छता की जिम्मेदारी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने स्वयं उठा रखी थी। वे स्कूल परिसर से एक-एक तिनका उठाते, सूखे पत्ते बीनते और झाड़-झंखाड़ों को काटकर उसे डस्टबिन में डालते। इस कचरे को वे बाहर ऐसी जगह पहुंचा देते जहां से स्थानीय सरकार उसे उठवा लेती। 70-80 के दशक में भिलाई इस्पात संयंत्र के स्कूलों में भी बच्चे शाला परिसर को स्वच्छ बनाए रखने में अपना योगदान देते थे। इसमें अंग्रेजी माध्यम के स्कूल अग्रणी भूमिका निभाते थे। अपने आवास, स्कूल और दफ्तर की स्वच्छता से लोगों को जोड़ना गलत कैसे है? जब देश में स्वच्छता अभियान चला तो प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री से लेकर विधायकों एवं पार्षदों ने भी झाड़ू उठा लिया। हालाकि, नेताओं का यह झाड़ू उठाना प्रतीकात्मक था पर तत्कालीन भिलाई शहर विधायक प्रेमप्रकाश पाण्डेय को लोगों ने इस अभियान में पूरी गंभीरता के साथ शामिल होते देखा था। वे नालियों में उतर जाते, रांपा लेकर झाड़ियां काटते और लोगों को भी अपने घर के आसपास की सफाई के लिए प्रेरित करते। स्वच्छता अभियान का उपयोग राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी राष्ट्र को जोड़ने के लिए किया था। वे स्वयं नालियों से लेकर संडास तक की सफाई करते और लोगों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करते। आशय स्पष्ट है कि हजार लोग मिलकर गंदगी मचाएंगे तो चार-पांच लोग सफाई नहीं कर पाएंगे। स्वच्छता आदत होनी चाहिए। आज के बच्चे ही कल के नागरिक हैं। उनमें अच्छी आदतों को विकसित करना भी उतना ही जरूरी है, जितना कि गणित और विज्ञान पढ़ाना। वरना बच्चा एमएससी करने के बाद भी अंधविश्वासों में ही जकड़ा रहता है, उसमें वैज्ञानिक सोच विकसित नहीं हो पाती। बच्चे अगर स्कूल परिसर की सफाई के लिए श्रमदान कर रहे हैं तो उनकी तस्वीरें जरूर छपनी चाहिए पर खबर यह होनी चाहिए कि इन बच्चों से समाज भी प्रेरणा ले। बच्चों को इस कार्य के लिए प्रेरित करने वाले शिक्षकों का भी सम्मान होना चाहिए कि वे बच्चों को अच्छी आदतें सिखा रहे हैं। नजर नहीं नजरिया बदलने की जरूरत है।



## संपादकीय

### स्वतंत्रता की धूमधाम

कन्याकुमारी से कश्मीर तक देश भर में 77वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। लाल किले पर आयोजित मुख्य आयोजन भी भव्य और प्रभावी रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में अपनी सरकार के तमाम कार्यों को गिनाया और साफ कहा कि अगली बार भी वही लाल किले से उपलब्धियां गिनाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले पांच साल अभूतपूर्व विकास के हैं। 2047 के सपने को साकार करने का स्वर्णिम क्षण अगले पांच साल हैं। आत्मविश्वास से लबरेज भाषण में प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें तीन बुराइयों- भ्रष्टाचार, वंशवाद की राजनीति और तुष्टीकरण के खिलाफ पूरी ताकत से लड़ना होगा। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा है कि देश में गलत तरीके से कमाई गई संपत्तियों की जब्ती 20 गुना बढ़ गई है। प्रधानमंत्री के अनुसार, सन् 2047 में विकसित भारत सिर्फ एक सपना नहीं है, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का संकल्प है। वाकई किसी भी विकसित राष्ट्र के लिए सबसे बड़ी ताकत राष्ट्रीय चरित्र है। अगर चरित्र सुधार लिया, तो विकास की हमारी रफ्तार बहुत तेज हो जाएगी। इसके लिए सबसे पहले नेताओं को ही कथनी-करनी का भेद मिटाना होगा। जीवन के हरेक मोर्चे पर हमें भ्रष्टाचार के खिलाफ शून्य सहिष्णुता का परिचय देना होगा, तभी हमारा विकास रथ तेजी से विकसित देश की ओर बढ़ेगा। प्रधानमंत्री ने लाल किले से मणिपुर को भी याद किया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सप्ताह में मणिपुर में हिंसा के चलते अनेक लोगों की जान चली गई और मां-बेटियों के सम्मान को भी काफी ठेस पहुंची, लेकिन पिछले कुछ दिनों से शांति की खबरें आ रही हैं। राष्ट्र मणिपुर के साथ है। बेशक, मणिपुर के लोगों को लाल किले से संबोधित करना जरूरी था। यह जरूरी है कि मणिपुर के लोग स्वयं आगे आकर राज्य में शांति बहाल रखें। मणिपुर हिंसा अगर नहीं हुई होती, तो हमारा यह स्वतंत्रता दिवस और भी खास होता। बहुत हद तक देश के तमाम उपद्रवग्रस्त इलाके शांति की राह पर चल पड़े हैं। संगठित हिंसा में कमी आई है, केवल मणिपुर है, जिसने अमन-चैन पर दाग लगाया है। 77वें स्वतंत्रता दिवस से प्रेरणा लेकर मणिपुर में अमन-चैन को सुनिश्चित करना चाहिए। जम्मू-कश्मीर में भी अभूतपूर्व धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया है। न केवल श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए भारी भीड़ उमड़ी, बल्कि श्रीनगर के ख्यात लाल चौक पर भी लोगों को तिरंगा लहराते देखा गया। नागरिकों पर कोई प्रतिबंध नहीं था। इंटरनेट पर भी कोई प्रतिबंध नहीं था, इससे भी कश्मीर में उत्सव का माहौल बन गया। इस केंद्रशासित प्रदेश में जगह-जगह स्वतंत्रता दिवस पर आयोजन हुए हैं। तिरंगा रैलियां निकली हैं। सभी सरकारी कार्यालयों और अन्य इमारतों को तिरंगे थीम में रोशन किया गया। कुल मिलाकर, देश के लिए 77वां स्वतंत्रता दिवस यादगार बन गया। इस बार स्वतंत्रता दिवस पर आम लोगों की भागीदारी भी खूब देखी गई है। तीन दिवसीय अभियान के तहत मंगलवार दोपहर 12 बजे तक केंद्र सरकार की हर घर तिरंगा वेबसाइट पर राष्ट्रीय ध्वज के साथ देश दुनिया से 8.8 करोड़ से अधिक लोगों ने अपनी सेल्फी अपलोड की। लोग पहले भी खुशी मनाते थे, मगर सोशल मीडिया पर खुशी साझा करने के आह्वान पर लोगों की प्रतिक्रिया हर्ष का विषय है। लोगों को अगर इसी तरह से भागीदार बनाकर चला जाए, तो अमृतकाल में तेज विकास में ऐसी भागीदारी अहम भूमिका निभा सकती है।

> “मणिपुर हिंसा अगर नहीं हुई होती, तो हमारा यह स्वतंत्रता दिवस और भी खास होता। बहुत हद तक देश के तमाम उपद्रवग्रस्त इलाके शांति की राह पर चल पड़े हैं। संगठित हिंसा में कमी आई है, केवल मणिपुर है, जिसने अमन-चैन पर दाग लगाया है। 77वें स्वतंत्रता दिवस से प्रेरणा लेकर मणिपुर में अमन-चैन को सुनिश्चित करना चाहिए।

## चिंताजनक है यह तनाव

संसद का मानसून सत्र राजनीतिक तनाव को असाधारण रूप से बढ़ाते हुए खत्म हुआ है। इसकी चरण परिणति दोनों सदनों से सदस्यों का निलंबन है। सत्र के आखिरी दिन राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह का निलंबन विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक बढ़ा दिया गया। उसी रोज इस पार्टी के एक अन्य सांसद राघव चड्ढा को भी इसी तरह अनिश्चितकाल के लिए निलंबित कर दिया गया। उधर लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी निलंबित कर दिए गए। तीनों निलंबनों के कारण अलग-अलग हैं, लेकिन जिन कारणों से यह कदम उठाया गया, वे भारत में लंबे समय से संसदीय परंपरा का हिस्सा रहे हैं। इस बीच पूरा सत्र मणिपुर के मुद्दे पर पक्ष- विपक्ष में टकराव में उलझा रहा। आखिर में अविश्वास प्रस्ताव पेश कर विपक्ष ने इस पर चर्चा कराई, लेकिन बहस के दौरान जैसे शब्दों का इस्तेमाल एक-दूसरे के लिए हुआ और प्रधानमंत्री ने जवाब देते समय अपना जो चिर-परिचित तेवर दिखाया, उससे माहौल और गरमा गया।

अब दोनों पक्ष के नेता एक दूसरे के लिए अपशब्दों तक इस्तेमाल कर रहे हैं, तो समझा जा सकता है कि देश का सियासी माहौल किस हद तक बिगड़ चुका है। विरोधी खेमों में होने के बावजूद एक-दूसरे के लिए सम्मान का भाव रखने की परंपरा तार-तार हो गई है। आम तजुर्बा है कि ऐसे माहौल में लोकतंत्र का टिके रहना कठिन हो जाता है। इसी बीच सरकार ने जिस ताबड़तोड़ ढंग से- बिना बहस और प्रावधानों की पड़ताल की जांच करने का मौका दिए- तमाम महत्त्वपूर्ण विधेयक पारित कराए, उससे अविश्वास की खाई और बढ़ गई है। सत्र के आखिरी दिन भारतीय दंड संहिता, भारतीय आपराधिक संहिता और साक्ष्य अधिनियम को बदलने का बिल अकस्मात ढंग से पेश कर दिए जाने से आशंकाएं और गहराई हैं। नई संहिताओं का नाम हिंदी में रखने के कारण दक्षिणी राज्यों से आक्रोश भरी प्रतिक्रियाएं भी आई हैं। संभवतः यह नहीं होता, अगर पहले राष्ट्रीय बहस के जरिए आम सहमति बनाने की कोशिश की गई होती। जबकि फिलहाल तमाम सहमतियां खंडित होती नजर आ रही हैं। यह गहरी चिंता की बात है।

## कैबिनेट फेरबदल की फिर चर्चा

संसद का मानसून सत्र समाप्त होने के बाद ही एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट में फेरबदल की चर्चा शुरू हो गई है। पिछले महीने 20 जुलाई को सत्र शुरू होने के ठीक पहले तक यह चर्चा चलती रही थी। अब कहा जा रहा है कि 15 अगस्त के बाद मंत्रिमंडल में फेरबदल होगी और कुछ नए चेहरे सरकार में शामिल होंगे। सहयोगी पार्टियों की ओर से इस बात की ज्यादा चर्चा चलाई जा रही है लेकिन भाजपा के नेता भी उम्मीद लगाए हुए हैं। ध्यान रहे प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी दूसरी सरकार में जुलाई 2021 में फेरबदल की थी। उसके बाद एक छोटा बदलाव कानून मंत्री को बदलने का हुआ। तभी कम से कम एक और बदलाव की चर्चा होती रही है। बहरहाल, पहले कहा जा रहा था कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व कुछ चीजों का इंतजार कर रहा है, जिसके बाद बदलाव होगा। उनमें एक चीज यह बताई जा रही थी कि बिहार में नीतीश कुमार की पार्टी वापस एनडीए में लौट सकती है। लेकिन अब उसकी संभावना नहीं दिख रही है। दूसरी चीज यह कही जा रही थी कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के इस बात के लिए तैयार किया जा रहा है कि वे केंद्र में मंत्री बन जाएं और ज्योतिरादित्य सिंधिया को प्रदेश में मुख्यमंत्री बनाया जाए। लेकिन अब इसकी भी संभावना खत्म हो गई है। सो, इनके बगैर ही सरकार में फेरबदल करनी होगी। जानकार सूत्रों के मुताबिक महाराष्ट्र की दोनों सहयोगी पार्टियों ने भाजपा पर दबाव बनाया है। शिव सेना के नेता और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी के नेताओं का कहना है कि भाजपा अपना किया हुआ वादा पूरा नहीं कर रही है।

> “दिल्ली का आकर्षण बनाए रखने के लिए बहुत प्रयास किए जा सकते हैं और केंद्र सरकार के अलावा दिल्ली सरकार को भी इस दिशा में ज्यादा पहल करने की जरूरत है। दिल्ली में जरूरत से ज्यादा आबादी, प्रदूषण और बुनियादी सुविधाओं पर पड़ने वाला अत्यधिक दबाव बड़ी चिंता का विषय है। दिल्ली में हर साल कुछ महीनों में लोग प्रदूषण से इतने पीड़ित हो जाते हैं कि यहां से दूर जाने की सोचने लगते हैं, पर दिल्ली का मोह ऐसा है कि पीछा छुड़ाना आसान नहीं है।

# नई दिल्ली से देश की बढ़ती उम्मीदें

ब्रजेश कुमार तिवारी, एसोसिएट प्रोफेसर, जेएनयू



दिल्ली एक सदी से भी ज्यादा समय से भारत की राजधानी है। दशकों तक कोलकाता से देश का शासन चलाने के बाद दिल्ली को 20वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में अंग्रेजों ने पूरी भव्यता के साथ राजधानी के रूप में स्थापित किया था। दिल्ली में पूरा देश रहता है और इसकी भौगोलिक स्थिति भी ऐसी है कि करीब चार राज्य इसके आस-पास मौजूद हैं। यह केवल महानगर नहीं है, इसमें पुरानी और नई दिल्ली के शहरी और ग्रामीण इलाके शामिल हैं। यह अनुमान लगाया गया है कि वर्ष 2028 तक भारत की राजधानी दिल्ली दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाले शहरी समूह के रूप में टोक्यो को पीछे छोड़ देगी, लेकिन सुविधाओं के पैमाने पर इस महानगर की क्या स्थिति है? साल 1991 और 2011 के बीच दिल्ली का खूब विस्तार हुआ है। जनसांख्यिकीय संरचना में भी बहुत बदलाव हुए हैं। शहरी परिवारों की संख्या तीन गुना हो गई, जबकि ग्रामीण परिवारों की संख्या आधी से भी कम रह गई है। आज से सौ साल पहले दिल्ली की आबादी पांच लाख भी नहीं थी, पर आज दो करोड़ से अधिक है। केंद्रशासित प्रदेश दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय देश में सर्वाधिक है, हालांकि पिछले कुछ वर्षों में आय बढ़ने की रफ्तार कुछ धीमी हुई है।

दिल्ली में होने वाली कमाई देश भर के लोगों को यहां खींच लाती है। लोगों को जब कोई रास्ता नहीं सूझता, तो वह दिल्ली का रुख करते हैं और दिल्ली सबके लिए कोई न कोई व्यवस्था कर ही देती है। दिल्ली में भाषा भी बाधक नहीं है। कोलकाता में बांग्ला का वर्चस्व है, चेन्नई में तमिल हावी है और मुंबई में माराठी का दबदबा है, पर दिल्ली ऐसे किसी भाषायी दबाव से ऊपर है। दिल्ली में हर भाषा और संस्कृति का समाज दशकों से रहता आया है। चूंकि यहां आकर्षण ज्यादा है, इसलिए यहां जनसंख्या में वृद्धि तेज है। आए दिन असंख्य लोगों का उम्मीद के साथ यहां आना थम नहीं रहा है, परिणामस्वरूप प्रति व्यक्ति आय की वृद्धि भी धीमी हो जाती है।

दिल्ली का आकर्षण बनाए रखने के लिए बहुत प्रयास किए जा सकते हैं और केंद्र सरकार के अलावा दिल्ली सरकार को भी इस दिशा में ज्यादा पहल करने की जरूरत है। दिल्ली में जरूरत से ज्यादा आबादी, प्रदूषण और बुनियादी सुविधाओं पर पड़ने वाला अत्यधिक दबाव बड़ी चिंता का विषय है। दिल्ली में हर साल कुछ महीनों में लोग प्रदूषण से इतने पीड़ित हो जाते हैं कि यहां से दूर जाने की सोचने लगते हैं, पर दिल्ली का मोह ऐसा है कि पीछा छुड़ाना आसान नहीं है। यहां हम क्षेत्रवाद नहीं कर सकते। हमें सोचना होगा, दिल्ली किस तरह से एक बड़ी आबादी को स्थायी रूप से आश्रय दे सकती है। दिल्ली को आज यथोचित आर्थिक विकास योजना की जरूरत है, जो न्यायसंगत और टिकाऊ , दोनों हो।

बड़ी आबादी के प्रबंधन के लिए विश्व स्तर पर हमारे पास मिसालें मौजूद हैं, जिनमें पेरिस और बीजिंग जैसे शहर शामिल हैं। बढ़ती शहरी आबादी के साथ बड़े क्षेत्रों में परस्पर आर्थिक निर्भरता का विस्तार जरूर होना चाहिए। वर्ष 1985 में दिल्ली योजना बोर्ड सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की स्थापना हुई थी, जिसका प्राथमिक उद्देश्य दिल्ली और इसके बाहरी शहरी केंद्रों का कुशल और संगठित विकास करना था। साथ ही, भीड़भाड़ को कम करने के लिए 100-300 किलोमीटर के दायरे में स्थित कुछ शहरों को 'काउंटर मैग्नेट' के रूप में स्थापित करना था, परंतु ऐसा पूरी तरह से नहीं हो पाया। गुरुग्राम को अपनी चमक बनाने में काफी समय लगा और नोएडा ने भी बसने में काफी समय लिया। दिल्ली को राहत देने के लिए उसके बाहर जो विस्तार हुआ, वह दिल्ली जैसा रचनात्मक या चर्चित नहीं रहा। हम भूल नहीं सकते कि किसी समय यहां का चांदनी चौक एशिया का सबसे बड़ा कपड़ा बाजार था, तो खारी बावली एशिया का सबसे बड़ा मसाला बाजार हुआ करता था। विकसित वृहद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की योजना अभी भी पूरी तरह साकार नहीं हो पाई। दिल्ली के लिए अभी भी समन्वय का वह स्तर नहीं है, जो होना चाहिए।

दिल्ली के पास एक बड़ा कौशल आधार है। सभी राज्यों की तुलना में दिल्ली में कुशल कार्यबल की सबसे बड़ी हिस्सेदारी है, जो इसे आईटी, डिजाइनिंग, आरऐंडडी और वित्तीय सेवाओं की आर्थिक गतिविधियों के लिए उपयुक्त बनाती है। दिल्ली को चौबीसों घंटे चलने वाले शहर में बदलना होगा, साथ ही, ऐसे विकास को बढ़ावा देना है, जो प्रदूषण से निपटने में कारगर है। प्रदूषण को कम करने के लिए क्या दिल्ली अपने पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय के साथ चल पा रही है? यह एक आकर्षक रियल एस्टेट बाजार है और साथ ही पसंदीदा पर्यटन स्थल है। अपने स्थान, कनेक्टिविटी व देश की राजधानी होने के नाते हमारे पास वह सब कुछ है, जिससे दिल्ली के आर्थिक पक्ष को हम और मजबूत बना सकते हैं

दिल्ली के सेवा उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार, होटल, बैंकिंग, मीडिया और पर्यटन क्षेत्र को समय की मांग के साथ नए आयाम देने की जरूरत है। यहां उच्च शिक्षा के कई संस्थान हैं। माना कि दिल्ली के पर्यावरण को देखते हुए कारखाने नहीं बनाए जा सकते, फिर भी इसे ज्ञानपरक अर्थव्यवस्था (नॉलेज बेस्ड इकोनॉमी) तो बनाया ही जा सकता है। महिलाओं को अर्थव्यवस्था में भाग लेने में सक्षम बनाने के लिए बच्चों और बुजुर्गों की देखभाल सुविधाओं को सुरक्षा के साथ बढ़ाना होगा। दिल्ली-एनसीआर के पुनरोद्धार के लिए एक आर्थिक विकास निगम भी स्थापित किया जा सकता है। साथ ही, विकास की जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार, निजी क्षेत्र, औद्योगिक निकायों, शिक्षाविदों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों को एक मंच पर आना होगा। इसके साथ ही परस्पर जुड़ी अर्थव्यवस्थाओं वाले विस्तारित क्षेत्रों की खोज करनी पड़ेगी।

वास्तव में, दिल्ली का मामला लगातार अध्ययन करने योग्य है। हम आजतक दिल्ली की झुग्गियों को खत्म नहीं कर पाए हैं। दिल्ली के लिए हमें 25 वर्ष आगे का मास्टर प्लान बनाना होगा। महत्वाकांक्षी योजनाओं व उनके प्रभावी क्रियान्वयन के बीच एक बड़े अंतर को पाटने की जरूरत है। इसे एक समावेशी, रोजगारपरक और रहने योग्य वैश्विक शहर बनाना होगा। दिल्ली देश की राजधानी ही नहीं, दिल भी है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# शतायु होने की ओर अग्रसर भारत की बड़ी चुनौतियां

नारायण रामचंद्रन, चेयरमैन, इनक्लूड लैब



आजाद भारत अपनी 100 साल की यात्रा के चौथे चरण में प्रवेश कर चुका है। कयास यही लगाए जा रहे हैं कि भारत इस यात्रा का समापण एक उच्च मध्यम आय वाले देश के रूप में करेगा। इसके लिए जिम्मेदार जरूरी कार्य-योजनाओं का जिक्र मैं यहां करना चाहूंगा। सबसे पहले, प्राथमिक शिक्षा। शिक्षा का अधिकार कानून की वजह से स्कूलों में नामांकन-दर बढ़ी है। भारत का स्कूली तंत्र दुनिया के विशाल शिक्षा तंत्रों में एक है। यहां करीब 15 लाख स्कूल, 95 लाख शिक्षक और 26.5 करोड़ छात्र हैं। अच्छी बात यह है कि अब प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में करीब शत-प्रतिशत नामांकन होने लगा है। फिर भी, जैसा कि 'असर' की हालिया रिपोर्ट कहती है, बच्चों में किताब पढ़ने और अंकगणित की बुनियादी क्षमता चिंताजनक रूप से गिरी है, जबकि बीते कुछ वर्षों में यह बढ़ रही थी। कई राज्यों में तो यह गिरावट सरकारी व निजी, दोनों तरह के स्कूलों में और लड़के व लड़कियों, दोनों में दिखी है।

दूसरा क्षेत्र विज्ञान व नवाचार का है। सोवियत युग के मॉडल पर टिका मौजूदा व्यावहारिक विज्ञान और नवाचार भविष्य की ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था से मेल नहीं खाते। विज्ञान क्षेत्र में नौकरशाहीकरण के कारण देश में प्रतिभा की कमी हो गई है। भारत में नवाचार को बढ़ाने के लिए अन्य देशों में विकसित किए गए विज्ञान अपनाने चाहिए। उच्च-मध्यम आय वाले देशों में शुमार होने के लिए भारत को कम से कम कुछ क्षेत्रों में ज्ञान-निर्माता और पेंटेट जन्मदाता देश बनना होगा। अगला क्षेत्र हरित अर्थव्यवस्था का है। एक राष्ट्रवादी अर्थशास्त्री ने कहा था, 'अब प्रदूषण करने की बारी हमारी है'। मगर भारत को बचाने के लिए हमें हरित, यानी स्वच्छ प्रौद्योगिकी कहीं अधिक तेजी से विकसित करनी पड़ेगी और अपनानी भी होगी। सौर पैनल, इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी और ऐसे ही कई अन्य उत्पादों को देश में ही बनाना चाहिए। हमें इनका स्रोत बनना होगा और आपूर्तिकर्ता भी। भारत में कुल बिजली उत्पादन में अक्षय ऊर्जा (बड़ी पनबिजली और परमाणु ऊर्जा को छोड़कर) की हिस्सेदारी आज भी केवल 12.3 प्रतिशत है। करीब 80 फीसदी उत्पादन कोयले से ही होता है। इस अनुपात को 2047 तक पलटने की जरूरत है।

बिजली आपूर्ति पर भी हमें ध्यान देना होगा। भारत का यह क्षेत्र काफी अव्यवस्थित है। बेशक आज घर-घर तक बिजली पहुंच गई है, लेकिन इसकी गुणवत्ता कमजोर है। इसके अलावा, बाजार-आधारित मूल्य निर्धारण का तंत्र इस कदर जटिल है कि करीब 23 फीसदी बिजली किसानों को मुफ्त में मुहैया कराई जाती है। नतीजतन, बिजली वितरण करने वाली कई सरकारी कंपनियां दिवालिया हो चुकी हैं। हमें तुरंत पूर्ण भुगतान वाले मॉडल को अपनाना चाहिए, और जिस तरह से रसोई गैस में जरूरतमंद लाभार्थियों को सब्सिडी दी जाती है, वैसे ही खास वर्ग को बिजली बिल भुगतान में सब्सिडी देने की व्यवस्था करनी चाहिए। रेलवे पर भी हमें इसी तरह ध्यान देना होगा, क्योंकि रेलवे सुधार की प्रक्रिया शुरू होती है और थम जाती है। ब्रॉड गेज, यानी बड़ी रेल लाइन तैयार करने और विद्युतीकरण का काम इसका उदाहरण है। कई मार्गों को सेमी-फास्ट ट्रेन (वंदे भारत) के अनुकूल ढालने का काम स्वागतयोग्य तो है, पर यात्री किराये के अनुरूप हमें परिचालन क्षमता, साफ-सफाई और गुणवत्ता भी बढ़ानी होगी।

रही बात रोजगार की, तो औपचारिक क्षेत्र में जरूरतमंदों को अधिकाधिक काम मिले, इसकी व्यवस्था करनी होगी। सामाजिक और व्यावसायिक सुरक्षा दिए बिना भारत उच्च-मध्यम आय वाला देश नहीं बन सकता। खासकर, श्रम बल में महिलाओं की हिस्सेदारी मौजूदा 25 फीसदी से बढ़ाकर 50 फीसदी करने से तरक्की, सामाजिक प्रगति और जीवन स्तर में स्वतः उन्नति आएगी। इसी तरह, प्रशासनिक और न्यायिक सुधार की भी दरकार है, ताकि परिपक्व होते और आर्थिक रूप से विकसित होते भारत की चुनौतियों से निपटा जा सके। दूसरे प्रशासनिक सुधार आयोग की रिपोर्ट में इस बाबत कई बेहतरीन सुझाव दिए गए हैं। निस्संदेह, कई काम करने बाकी हैं, इसलिए इंडिया@100 के लिए हम पीछे के बजाय आगे की तरफ नजर रखकर चलें।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# भारत का भाग्य बदलने वाली ट्रेन

शंभूनाथ शुक्ल

कई लोग मानते हैं कि अंग्रेजों से मिली आजादी, आजादी नहीं बल्कि सत्ता का हस्तांतरण था। ठीक वैसे ही जैसे एक पार्टी की सरकार से सत्ता दूसरी पार्टी को मिल जाए। दक्षिणपंथी मानते हैं कि सत्ता के लिए कांग्रेस ने भारत का विभाजन करवाया। दूसरी तरफ वामपंथी मानते हैं कि आजादी के बाद सरकार पूंजीपतियों के दबाव में आ गई, इसलिए देश को एक समाजवादी सरकार का ढांचा नहीं मिला। सिर्फ कांग्रेस ही इस आजादी को सही मानती है। समाज में भी आजादी के कई पक्ष हैं। दलितों का कहना है कि पूरी तरह से सामाजिक न्याय न मिलने से आजादी फीकी ही रही। दूसरी तरफ सवर्णवादी मानते हैं कि आरक्षण देकर सरकार ने उनके साथ घात किया। यानी जितने मुंह उतनी बातें।

दरअसल, आजादी का हमारे देश में कोई सही चित्र अभी तक नहीं उभरा। हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में असंतुष्ट है। आखिर आजादी मिली तो किससे? नौकरशाही यथावत है, पुलिस वैसे ही जनता का उत्पीड़न करती है और पैसे वाले लोग ही हर जगह पर काबिज हैं। एक सामान्य नागरिक जो टैक्स देता है वह अंग्रेजों की सरकार के समय की तुलना में खुद को ज्यादा कमजोर महसूस करता है। यही वजह है कि 1947 में मात्र सत्ता हस्तांतरण होने की बात कही जाती है।

मगर जो लोग आजाद भारत का सही मतलब जानते हैं उन्हें पता है कि अंग्रेज भारत को अपना उपनिवेश बनाए हुए थे और अपने इस उपनिवेश के संसाधनों का पूरा लाभ उठाने के लिए उन्होंने जिन-जिन चीजों की भारत में मान्यता दिलाई वे सब अब अंग्रेजों के हाथ से निकल कर भारतीयों के हाथ में आ गई हैं। इनमें सबसे बड़ी चीज है रेल सेवा, जिसने पूरे भारत में एक अनूठी क्रांति की है। रेलवे ही वह उपक्रम है जिसे भारत में लाकर अंग्रेजों ने अपने पांवों पर कुल्हाड़ी चलवा दी। हालांकि यह सच है कि रेलवे ने विलायती माल को भारत के गांव-गांव तक पहुंचाया पर यह भी सच है कि इस रेल सेवा ने ही पूरे देश में एक साथ अंग्रेजों को भारत से भगाने की भावना भी पैदा की।

याद होगा कि महात्मा गांधी जब दक्षिण अफ्रीका से भारत आए तो उन्होंने पूरे भारत का एक दौरा रेलवे द्वारा ही किया। इस तरह वे इस विशाल देश से परिचित हो पाए। यह रेलगाड़ी ही थी जिसने महात्मा गांधी का परिचय भारत के किसानों और उनकी गरीबी से कराया। महात्मा गांधी ने भारत भ्रमण करने के बाद से ही सिर्फ धोती पहनने का फैसला किया था। और उस धोती ने उन अंग्रेजों को भारत से जाने को विवश कर दिया जिनके राज में कभी सूरज नहीं डूबता था।

जब भी कोई ट्रेन मेरे सामने से गुजरती है, मैं उसके सपनों में खो जाता हूं। ट्रेनों ने



भारतीयों को एक सपना दिखाया दूर-दूर तक फैले इस विशाल और वृहद देश से जुड़ जाने का। जिस किसी को भी नौकरी नहीं मिलती अथवा बार-बार के सूखे से परेशान होकर वह शहर की राह पकड़ता इसी तरह ट्रेनों में बैठकर चला जाता। दूर देश में कमाने। कोई कलकत्ता जाया करता तो कोई मुंबई और कोई-कोई दिल्ली। कभी सोचिए तो पाइएगा कि भारत में भारतीयों की गतिशीलता के पीछे इन ट्रेनों की सम्मोहक शक्ति ने कितना बड़ा काम किया है। औसत भारतीय ट्रेन देखता है और फिर वह किसी सिनेमाई हीरो की तरह एक ऐसे विशाल शहर की कल्पना करता है जहां गम नहीं है, दुख नहीं है बस खुशियां ही खुशियां हैं।

कालका मेल वह ट्रेन थी जिसने पंजाब, हरियाणा और मारवाड़ से निकले व्यापारियों को नई पनप रही भारत की राजधानी कलकत्ता में जाकर व्यापार करने को उकसाया। हालांकि यह एक प्रश्न उठता है कि भला कोई ट्रेन कैसे किसी को उकसा सकती है पर यह भी कटु सत्य है कि पलायन को ट्रेनें बाकायदा उकसाती हैं। वे एक छोर को दूसरे छोर से जोड़ती हैं। अब कालका-हावड़ा के बीच करीब दो हजार किमी की दूरी है और कोई भी व्यक्ति एक कोने से दूसरे कोने में आ-जा सकता है। जब यह ट्रेन शुरू हुई यानी कि 1866 में तब ईस्ट इंडिया कंपनी का सारा ध्यान भारत में अपना माल खपाने और यूरोप के उत्पादों के लिए नया बाजार तलाश करने की थी। उन्हें भारत में सस्ते मजदूर मिल रहे थे और बिचौलिये व्यापारी भी तथा हर तरह के उद्योगों को विकसित करने के लिए अनुकूल वातावरण भी।

भारत का एक बड़ा हिस्सा समुद्र तटीय है और ऊष्ण कटिबंधीय इलाका है जो जूट और कपड़े के लिए मुफीद है। इसके अलावा मैदानी इलाके में भरपूर गर्मी तथा कृषि के लिए खूब उपजाऊ है। फलों की पट्टी है खासकर आम के लिए तो यह क्षेत्र स्वर्ग है। एक तरह से भारत में कृषि उत्पाद और बागवानी की भरपूर संभावनाएं उन्होंने देखीं और नया माल खपाने हेतु बाजार भी। एक तरफ तो खूब धनाढ्य राजे-महाराजे थे और बड़े से बड़े व्यापारी जिनके पास न तो पैसे की कमी थी न उनके शौक कमतर थे। यही कारण रहा कि ईस्ट इंडिया कंपनी के डायरेक्टरों और अफसरों ने एक तरफ तो इन राजा-महाराजाओं और व्यापारियों को यूरोपीय माल खपाने की जिम्मेदारी सौंपी तो दूसरी तरफ मजदूरों को इतनी कम पगार पर रखा कि वे सिवाय पेट भरने के और कुछ सोच ही न पाएं।

अंग्रेजों को व्यापार बढ़ाने के लिए इस कालका मेल ने अपना बड़ा रोल अदा किया। इससे एक तरफ तो मारवाड़ी और खत्री व्यापारी आए तो दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश और बिहार के मजदूर। यही कारण है कि यह पहली ट्रेन थी जिसमें ढेर सारे जनरल कोच और पर्याप्त संख्या में फर्स्ट और सेकंड तथा इंटर व थर्ड क्लास के कोच जोड़े गए। ताकि हर एक को इसमें चलने में सुविधा रहे। यह वह ट्रेन थी जिसमें अंग्रेज वायसराय सफर करता था और जब भी गर्मी आती तथा राजधानी कलकत्ता से शिमला शिफ्ट होती, पूरी अंग्रेज सरकार इसी गाड़ी में बैठकर चलती। यही कारण रहा कि यह ट्रेन भारत का भाग्य बदलने में बड़ी अहम रही। तब कलकत्ता में जूट उद्योग पनप रहा था और बंगाल का तटवर्ती इलाका जूट के लिए मुफीद था पर इसके लिए खूब मजदूर चाहिए थे तथा कारखानों को लगाने के लिए खूब जमीन। यह सब बंगाल में मिला इसीलिए पूरे बंगाल में जूट उद्योग पनपा तो उसके साथ ही जूट के दलाल भी। चाय उद्योग पनपा और पूरे देश में उसका बाजार तैयार हुआ। मगर इन उद्योग-धंधों को पनपाने के लिए किसान को दर बदर कर दिया गया।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

ADMISSION OPEN
COMMERCE GURU
12th CLASS
REGULAR STUDENT
GET CLASS 11th SYLLABUS CLASSES for FREE
APPLY NOW



www.commerceguru.in @commerceguru
commerceguru2011@gmail.com
35,Gourav Path, Sundar Nagar,Bhilai
+91 9644454810
+91 8103338634

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### इंद्रावती भवन में सचिव नीलम नामदेव एक्का ने ध्वजारोहण किया



**रायपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभागाध्यक्ष कार्यालय इंद्रावती भवन अटल नगर नवा रायपुर में सचिव राजस्व आपदा प्रबंधक, जनशिकायत निवारण तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग नीलम नामदेव एक्का ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### जनसंपर्क संचालनालय में संचालक चौबे ने किया ध्वजारोहण



**रायपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनसंपर्क संचालनालय में संचालक जनसम्पर्क सौमिल रंजन चौबे ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। श्री चौबे ने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर संचालक जे.एल. दरियो, उमेश मिश्रा एवं संजीव तिवारी सहित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### विधायक ने किया केरलापाल में लिंगो देवता एवं नारायणपुर में अबुझमाड़िया चैक प्रतिमा का लोकापर्ण

नारायणपुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ हस्त शिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष एवं विधायक चंदन कश्यप ने नारायणपुर में माड़िया चैक और केरलापाल में लिंगो देवता के प्रतिमाओं का लोकापर्ण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति श्यामबती नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मांझी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनाथ उसेंडी, जनपद पंचायत अध्यक्ष पंडीराम वड्डे, जनपद पंचायत अध्यक्ष ओरछा मालती नुरेटी, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रमोद नैलवाल, कलेक्टर अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव, अमित भद्र, विजय सलाम के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से आयी लोगों के जीवन में खुशहाली: मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने आजादी की 76वीं वर्षगांठ पर जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित छायाचित्र प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी रायपुर के कचहरी चौक स्थित टाउन हॉल में जनसंपर्क विभाग द्वारा आजादी की 76वीं वर्षगांठ पर आयोजित छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस प्रदर्शनी में प्रदेश सरकार के पौने पांच साल की उपलब्धियों एवं देश के स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले छत्तीसगढ़ के महान क्रांतिकारियों की स्मृतियों को सुसज्जित ढंग से प्रदर्शित किया गया है।



प्रदर्शनी में आजादी की लड़ाई में छत्तीसगढ़ के क्रांतिकारियों का योगदान और उनके महत्वपूर्ण दस्तावेज, स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान उनकी जीवन यात्रा, जंगल सत्याग्रह, भारत छोड़ो आन्दोलन एवं स्वतन्त्रता आंदोलन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में उनके योगदानों को प्रदर्शित किया गया है। उनमें प्रमुख रूप से सुराजी गांव योजना, नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन, बेरोजगारी भत्ता योजना आदि प्रमुख रूप से शामिल है। प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन भी प्रदर्शनी स्थल पर किया जा रहा हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी की सराहना की। उन्होंने कहा कि बीते पौने पांच साल के दौरान आम नागरिकों के जीवन में खुशहाली आई है। प्रदेश सरकार की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से हुए सकारात्मक बदलाव से हमने लोगों का भरोसा जीता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को यह जानना बेहद जरूरी है कि छत्तीसगढ़ के महान क्रांतिकारियों ने स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। यह प्रदर्शनी आज की पीढ़ी को इससे अवगत कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। गौरतलब है कि 15 से 21 अगस्त तक कचहरी चौक स्थित टाउन हॉल में यह प्रदर्शनी आयोजित की गई है, जिसका सुबह 11.00 बजे से रात 8 बजे तक अवलोकन किया जा सकता है। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह, छत्तीसगढ़ के मंगल पांडे कहे जाने वाले हनुमान सिंह, शहीद वीर गुण्डाधुर, ठाकुर प्यारे लाल सिंह, ई.राघवेंद्र राव, डॉ. खूबचंद बघेल, यति यतन लाल, बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव, बैरिस्टर छेदीलाल, पंडित सुंदरलाल शर्मा, पंडित माधवराव सप्रे, परसराम सोनी, रामप्रसाद पोटाई, महंत लक्ष्मी नारायण दास, बिसाहू दास महंत, धनीराम वर्मा, वामनराव बलिराम लाखे, सेठ शिवदास डागा, पंडित रविशंकर शुक्ल, रायपुर की प्रथम महिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. राधा बाई सहित छत्तीसगढ़ के अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान को सचित्र प्रदर्शित किया गया है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छत्तीसगढ़ प्रवास से जुड़ी जानकारी सचित्र प्रदर्शित की गई है। इस अवसर पर संचालक जनसंपर्क सौमिल रंजन चौबे, कलेक्टर रायपुर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, जनसंपर्क के अपर संचालक जे.एल. दरियो, उमेश मिश्रा और संजीव तिवारी और जनसंपर्क विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सहित अनेक प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

## मंत्री मोहन मरकाम ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। जिला मुख्यालय कोण्डागांव में स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि आदिम जाति विकास मंत्री मोहन मरकाम ने जिला मुख्यालय कोण्डागांव के विकास नगर स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर शांति के प्रतीक श्वेत कपोत तथा उत्साह के प्रतीक रंगीन गुब्बारे आसमान में छोड़े गये।




समारोह में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की 29वीं बटालियन के प्लाटून कमांडर निरीक्षक हितेश कुमार, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की 41वीं बटालियन के प्लाटून कमांडर उप निरीक्षक गुड्डु कुमार, जिला पुलिस बल के प्लाटून कमांडर उप निरीक्षक विनोद कुमार नेताम, बस्तर फाइटर्स पुरूष के प्लाटून कमांडर उप निरीक्षक अखिलेश धीवर, बस्तर फाइटर्स महिला की प्लाटून कमांडर सहायक उप निरीक्षक अनिता मेश्राम नगर सेना के जवानों सहित नेशनल केडेट कोर बालक के प्लाटून कमांडर सगारूम नेताम, नेशनल केडेट कोर बालिका की प्लाटून कमांडर रीना नेताम तथा राष्ट्रीय सेवा योजना बालक के प्लाटून कमांडर राजू सोरी और राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका की प्लाटून कमांडर रामेश्वरी मरकाम के नेतृत्व में टुकड़ियों ने देश सेवा की भावना के साथ आकर्षक मार्चपास्ट किया।

मुख्य अतिथि मरकाम ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया। समारोह में शहीद जवानों के परिजनों से भेंटकर उन्हे सम्मानित किया। दायित्व निर्वहन हेतु 41 विभिन्न विभागों के 260 अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण 2023 से सम्मानित 11 शिक्षकों को जिले में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सम्मानित किया गया।

## विधायक,महापौर व आयुक्त ने मुटठी भर मिट्टी लेकर ली शपथ

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। आजादी के अमृत महोत्सव के समापन अंतर्गत मेरी मिट्टी, मेरा देश अभियान 12 अगस्त 23 से प्रारंभ किया गया जिसमे तिरंगा यात्रा किया गया। देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से आजादी की अमृत महोत्सव के समापन के अवसर पर इस अभियान की शुरूआत की गई।

सर्वप्रथम देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों, वीरों की याद में संविधान उद्देशिका ( गौरवपथ ) चर्च के सामने विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल,आयुक्त लोकेश चन्द्राकर व पर्यावरण प्रभारी सत्यवती द्वारा अधिकारियों के साथ स्वतंत्रता, देश के लिए अपना सर्वोच्च योगदान- बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानी की याद में शिलापट्टिका का अनावरण और ध्वजारोहण किया गया। शिलापट्ट में शहीद जवानों का नाम अंकित किया गया है।कार्यक्रम में मातृभूमि की स्वतंत्रता और उसके गौरव की रक्षा के लिए अपना बलिदान देने वाले वीरों को याद किया गया तथा पंच प्राण स्थल पर हाथों में मिट्टी लेकर देश की अखंडता की रक्षा और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का शपथ लिया गया।

अधिकारियों द्वारा शिलापट्ट के साथ सेल्फी भी ली गयी। आजादी के अमृत महोत्सव के समापन को यादगार बनाने शीतला तालाब के पास अमृत वाटिका में 75 पौधों का वृक्षारोपण किया गया।इस अवसर पर एल्डरमेन राजेश शर्मा, उपायुक्त मोहेंद्र साहू,दिनेश नेताम,जितेंद्र समैया,करण यादव,अनिल सिंह,प्रकाश गीते के अलावा अन्य मौजूद रहें।

## विधानसभा अध्यक्ष ने चिरमिरी में किया 36.98 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधान सभाध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत सोमवार को नगर निगम चिरमिरी में आयोजित भूमिपूजन लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने वहां नगर निगम क्षेत्र में 36.98 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया गया।




इसके साथ ही नगर पंचायत झगराखण्ड एवं नई लेदरी के लिये नवीन मोबाइल मेडिकल यूनिट का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम में सीजीएमएससी के संचालक एवं मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल, सरगुजा आदिवासी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो भी उपस्थिति थे।

विधानसभाध्यक्ष डॉ. महंत ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों विधायकों ने मिलकर क्षेत्र के उन्नति और विकास के लिए बेहतर कार्य किया हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अगुवाई में पौने पांच साल में नगर निगम चिरमिरी में 100 करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्य स्वीकृत किए जा चुके हैं। यहां आवास, बिजली, पानी और सड़क से संबंधित मूलभूत सुविधाओं को विकसित किया जा रहा है। क्षेत्र को नवीन मेडिकल कॉलेज की सौग़ात दी गई है, जो क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। हम सब मिलकर ऐसे ही क्षेत्र के विकास के लिए बेहतर कार्य करते रहेंगे।

कार्यक्रम को मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल, भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो, महापौर नगर निगम चिरमिरी श्रीमती कंचन जायसवाल ने भी संबोधित किया। विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यक्रम में क्षेत्र के समस्त कोटवारों को टार्च और रेनकोट का वितरण किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

# राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चेम्बर भवन में ध्वजारोहण किया गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर।छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी ,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर चेम्बर कार्यालय- चै.देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में ध्वजारोहण किया गया।



कार्यक्रम के पूर्व सर्वप्रथम पूजा-अर्चना कर भारत माता एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर में माल्यार्पण, गुलाल व पुष्प अर्पित किया गया । पश्चात चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी द्वारा प्रात:ठीक 9.30 बजे ध्वजारोहण किया गया।

ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान एवं भारत माता का जयघोष किया गया एवं सभी पदाधिकारियों, व्यापारी सदस्यों एवं उद्योगपति बंधुओं को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर चेम्बर सलाहकार-अमर गिदवानी, दीपक बल्लेवार, जितेंद्र दोशी, परमानंद जैन (गणेश सायकल), परमानंद जैन (राईस मिल), सुरिन्दर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष- विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, प्रदेश प्रभारी आईटी सेल- कैलाश खेमानी, कार्यालय प्रभारी नरेश गंगवानी, कार्यकारी महामंत्री- कपिल दोशी, पुर्व कोषाध्यक्ष- प्रकाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष-हीरा माखीजा, अमृत लाल पटेल,नरेन्द्र हरचंदानी, पृथ्वीपाल सिंह छाबड़ा, मनोज कुमार जैन, भरत जैन, जय नानवानी, संगठन मंत्री- महेंद्र कुमार बगरोडीया, मंत्री- शंकर बजाज, राजेन्द्र खटवानी, राकेश (जनक) वाधवानी, जयराम कुकरेजा, दिलीप इसरानी, विक्रांत राठौर, अमर धिंगानी, प्रदेश सांस्कृतिक प्रभारी- आलोक शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य- सतीश श्रीवास्तव, युवा चेम्बर महामंत्री कांति पटेल, उपाध्यक्ष-विपुल पटेल, हिमांशु वर्मा, दिलीप पंसारी अध्यक्ष- छत्तीसगढ़ पान व्यापारी संघ, लखमशी पटेल अध्यक्ष- छत्तीसगढ़ टिम्बर व्यापारी संघ, जीवत बजाज अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्लास्टिक निर्माता एवं विक्रेता संघ, लोकेश जैन, सी.ए. मुकेश मोटवानी, परमिंदर खनूजा, नागेंद्र तिवारी, मनोज गुप्ता, पीताम्बर कोडवानी, संजय जयसिंघ, वासु माखीजा, दीपक विधानी, नरेश ठक्कर सहित अनेक व्यापारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## गोरेगांव में शान से लहराया तिरंगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नगरी।** समीपस्थ ग्राम गोरेगांव में 77वे स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर माध्यमिक शाला गोरेगांव में कृष्ण कुमार मंडावी प्रबंधन समिति अध्यक्ष ने ध्वजारोहण किया। ग्राम पंचायत भवन में सरपंच मालती ध्रुव,स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छता समिति अध्यक्ष बृहस्पति ध्रुव, उपसरपंच धनेश्वरी अटलखांम, आंगनबाड़ी में व सुलोचना हिरवानी महिला मंडल अध्यक्ष ने प्रभात महिला भवन में ध्वजारोहण किया। लेखराम गंगबेर ग्राम सभा अध्यक्ष ने अटल चौंक , नेताम जी अध्यक्ष प्राथमिक शाला गोरेगांव,संत कुमार यदुराज ग्राम पटेल गोरेगांव ने गांधी चौक में ध्वज वंदन किया। प्राथमिक शाला /माध्यमिक शाला,आंगनबाड़ी के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी जुलूस माध्यमिक प्रधान पाठक कौशल प्रसाद साहू के निर्देशन में बाजे-गाजे के साथ नारों का उद्घोष करते हुए ,ग्राम के प्रमुख मार्गो से होता हुआ, खोरा मांझी गौठान पहुंचा जहां पर संतोष कुमार साहू अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया गया। रैली आगे बढ़ते हुए ग्राम पंचायत भवन पहुंचा। जहां रोजगार सचिव द्वारा आम जनताओ को शपथ दिलाया गया। व 75 नग पौधों का रोपण किया गया। रैली माध्यमिक शाला भवन पहुंचते ही सभा के रूप में तब्दील हो गया। सभा के मुख्य अतिथि मालती ध्रुव सरपंच व अध्यक्षता संत कुमार यदुराज ग्राम पटेल ने किया।

ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### पूर्व विधायक व प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गुरुमुख सिंह होरा का मना जन्मदिन

**रायपुर ( ए )।** 15 अगस्त को पूर्व विधायक व प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गुरुमुख सिंह होरा का जन्मदिन था। इस अवसर को यादगार बनाने उनके समर्थकों क्षेत्रवासियों व होरा फैन्स क्लब द्वारा धार्मिक व सेवाभावी कार्यो को अंजाम दिया गया। जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। सभी ने श्री होरा के आयोजन को सराहते उनके दीर्घायु होने की कामना की। पूर्व विधायक होरा के जन्मदिन पर रायपुर रोड स्थित होरा निवास सानिध्य भवन में सुन्दरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें हजारो भक्त शामिल हुए।

भक्त हनुमान व भगवान श्रीराम की भक्ति में लीन रहे और श्रीराम व हनुमान के जयकारे लगाते रहे। इसके पश्चात प्रसादी वितरण हुआ। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण किया। सुंदरकांड एवं हनुमान प्रसादी कार्यक्रम मे विभिन्न संस्था, संगठन, राजनीतिक पार्टी, स्वयंसेवी संस्थाओ, छात्र छात्राओ स्वच्छता दीदीयो, पत्रकारगण विभिन्न ग्रामो से आये राजीव गांधी युवा मिला क्लब के सदस्य गण, गौठान समिति के सदस्यगण, पंचायत प्रतिनिधी गण सहित हजारो लोगो ने श्री होरा से सौजन्य भेंट कर उन्हे बधाई एवं शुभकामनांए प्रेषित की।

### 20 अगस्त को रायपुर आएंगे अमित शाह, साइंस कॉलेज मैदान में कार्यक्रम में शामिल होंगे

**रायपुर ( ए )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 20 अगस्त और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 26 अगस्त को छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। खड़गे के बाद राहुल गांधी 2 सितंबर और कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल 19 सितंबर को प्रदेश में आने वाले हैं। अमित शाह 20 अगस्त को जनजातीय मंत्रालय की ओर से साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित महोत्सव कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके बाद अमित शाह भाजपा के आला नेताओं के साथ पार्टी की चुनावी तैयारी पर चर्चा कर सकते हैं। गृह मंत्री के आने के महज हफ्तेभर बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 26 अगस्त को छत्तीसगढ़ आयेंगे। पीसीसी दीपक बैज ने खड़गे के आगमन की जानकारी देते हुए बताया कि उनके बाद 2 सितंबर को राहुल गांधी और 19 सितंबर को केसी वेणुगोपाल रायपुर आयेंगे।

# आजादी की लड़ाई से न्याय और लोकतंत्र का अमृत निकलाः मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

## आजादी की 76 वीं वर्षगांठः मुख्यमंत्री ने राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में किया ध्वजारोहण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारत की आजादी की 76वीं वर्षगांठ के पावन और गौरवशाली अवसर पर राजधानी रायपुर के पुलिस परेड मैदान में ध्वजारोहण करने के बाद प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दिए अपने संबोधन में साहित्यिक वातावरण को सुदृढ़ करने तीन श्रेणियों में छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी सम्मान देने की घोषणा की। इनमें पहली श्रेणी अंतर्गत छत्तीसगढ़ी तथा अन्य बोली जैसे गोंडी, हल्बी, सरगुजिया में लिखे गए साहित्य के लिए, दूसरी श्रेणी के अंतर्गत हिंदी पद्य के लिए तथा तृतीय श्रेणी के अंतर्गत हिंदी गद्य के लिए हर श्रेणी में सम्मानित साहित्यकारों को पांच लाख रूपए नगद एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

### कुक्कुट पालकों को रियायती दर पर बिजली

इसके साथ ही उन्होंने बालिकाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म आदि के आरोपियों को शासकीय नौकरियों में प्रतिबंधित करने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लंबी कूद, 100 मीटर दौड़ एवं कुश्ती के खेल में 18 से 40 वर्ष की आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित करने की घोषणा की, यह प्रावधान इसी सत्र से लागू होगा। रेशम कीट पालन एवं मधुमक्खी पालन को भी कृषि का दर्जा देने की घोषणा की। कुक्कुट पालन को प्रोत्साहित करने 'कुक्कुट पालन प्रोत्साहन योजना' आरंभ हुई। इसमें कुक्कुट पालकों को रियायती दर पर बिजली उपलब्ध होगी।

दूरस्थ क्षेत्रों के शासकीय शालाओं के 11वीं, 12वीं के विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग हेतु देश की ख्याति प्राप्त संस्थाओं द्वारा सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में ऑनलाईन कोचिंग की व्यवस्था की जाएगी। सभी जिलों में कम से कम एक कॉलेज में पोस्ट-ग्रेजुएट कक्षाओं में अध्ययन की सुविधा उपलब्ध होगी। इस क्रम में शासकीय लोचन प्रसाद पाण्डेय महाविद्यालय सारंगढ़, डॉ. भंवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय पेण्ड्रा, क्रांतिकुमार भारती महाविद्यालय सक्ती, एलसीएस महाविद्यालय अंबागढ़ चौकी को स्नातकोत्तर महाविद्यालय का दर्जा प्रदान करने की घोषणा की। यहां अतिशीघ्र आवश्यक नवीन विषय एवं पद संरचना उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर जनता के नाम अपने स्वतंत्रता दिवस संदेश में कहा कि भारत की आजादी की लड़ाई से न्याय और लोकतंत्र का अमृत निकला। वास्तव में यह मानवता को तरह-तरह के अत्याचारों और अन्यायों से मुक्त कराने की बड़ी लड़ाई थी, जिसका संदेश पूरी दुनिया में गया।

वहीं वीर गुण्डाधूर, पं. रविशंकर शुक्ल, ठाकुर प्यारेलाल सिंह, बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव, डॉ. खूबचंद बघेल, पं. सुंदरलाल शर्मा, डॉ. ई. राघवेन्द्र राव, क्रांतिकुमार, बैरिस्टर छेदीलाल, लोचन प्रसाद पाण्डेय, यतियतन लाल, डॉ. राधाबाई, पं. वामनराव लाखे, महंत लक्ष्मीनारायण दास, अनंतराम बर्छिहा, मौलाना अब्दुल रऊफ खान, हनुमान सिंह, रोहिणीबाई परगनिहा, केकतीबाई बघेल, बेलाबाई, इंदरू केंवट, उदय राम वर्मा, खिलावन बघेल, घसिया मंडल जैसे अनेक स्वतंत्रता सेनानियों का योगदान भी स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। मैं इन सभी को सादर नमन करता हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास भारतवासियों की एकता की स्याही से लिखा गया है। देश में जाति-धर्म-सम्प्रदाय-संस्कृति आदि विविधताओं के बावजूद भारतवासियों में साथ रहने और साथ मिलकर चुनौतियों का सामना करने की अद्भुत क्षमता रही है। सर्वधर्म समभाव वाली हमारी एकजुटता के कारण भारत की एकता और अखण्डता मजबूत बनी रही। आजाद भारत का गौरवशाली संविधान कहता है कि भारत देश राज्यों का संघ है, इसीलिए भारत सरकार को संघ की सरकार कहा गया है। इसका मतलब है कि कोई एक राज्य भी यदि संकट में है तो यह उस राज्य की निजी समस्या नहीं बल्कि पूरे देश की चिंता का विषय है। आज मैं इस मंच से संकटग्रस्त सभी राज्यों की चिंताओं में छत्तीसगढ़ की सहभागिता व्यक्त करता हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आजादी और संविधान प्रदत्त अधिकार सबके लिए हैं और जब तक सब भारतवासी उनका समुचित उपयोग कर पाएंगे, तभी तक हमारी आजादी सुरक्षित रह पाएगी। प्रत्येक राज्य को और देश के प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाकर ही देश को मजबूत बनाया जा सकता है। यही कारण है कि हमने छत्तीसगढ़ में हर व्यक्ति और हर वर्ग को न्याय दिलाने का संकल्प लिया।






### सीएम बघेल ने प्रदेशवासियों को दी अनेक महत्वपूर्ण सौगात

#### एआई और मशीन लर्निंग भी स्कूली पाठ्यक्रम में होंगे शामिल

अगले शिक्षा सत्र से स्कूली बच्चों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग तथा इंटरनेट ऑफथिंग्स जैसी तकनीकी जानकारी पाठ्यक्रम में शामिल की जाएगी। शासकीय महाविद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को घर से कॉलेज आने-जाने के लिए बस की नि:शुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। अगले सत्र से छत्तीसगढ़ी भाषा एवं आदिवासी क्षेत्रों के स्थानीय बोली को कक्षा पहली से कक्षा पांचवीं तक पाठ्यक्रम के एक विषय के रूप में सम्मिलित किया जाएगा। शहरी स्वच्छता दीदी और सामुदायिक संगठकों के मानदेय में 20 प्रतिशत बढ़ोत्तरी की घोषणा भी की। निर्माण श्रमिकों के लिए मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना अंतर्गत 60 वर्ष पूरी करने वाले तथा 10 साल तक पंजीकृत रहे श्रमिकों को जीवन पर्यन्त हर महीना 1500 रूपए मासिक पेंशन दी जाएगी। आईटीआई में कार्यरत संविदा प्रशिक्षण अधिकारियों के एकमुश्त संविदा वेतन को 25780 रुपए से बढ़ाकर 32740 रुपए करने तथा मेहमान प्रवक्ताओं के प्रति माह अधिकतम भुगतान की सीमा को 13 हजार रुपए से बढ़ाकर 15 हजार रुपए करने की घोषणा की गई। साथ ही छत्तीसगढ़ में शिक्षा सुविधाओं में योगदान देने वाले अंशकालीन सफाई कर्मी एवं मध्यान्ह भोजन से जुड़े रसोईयों के मानदेय में 500 रुपए प्रति माह वृद्धि की घोषणा की।

#### पौने पांच सालों में लोगों के बैंक खाते में डाले गए एक लाख 60 हजार करोड़ रुपए

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में एक नया सफर शुरू हुआ है, जिसमें हमने नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने का जो संकल्प लिया था, उसे पूरा करने का काम जी-जान से कर रहे हैं। यही वजह है कि प्रदेश के वन अंचल से लेकर कस्बों, गांवों, शहरों में, हर जगह खुशहाली आई है। हमने छत्तीसगढ़ में सभी वर्गों का स्वाभिमान और और स्वावलंबन बढ़ाने के लिए 1 लाख 60 हजार करोड़ रूपए से अधिक की राशि विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लोगों के बैंक खातों में प्रदान की है। विकास का हमारा 'छत्तीसगढ़ मॉडल' प्रदेशवासियों के लिए उम्मीदों की नई किरणें लेकर आया है, साथ ही देश को भी नई दिशा देने में सफल रहा है। हम सब मिलकर 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' का लक्ष्य पूरा करेंगे।

#### अमर शहीदों को नमन

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि आजादी की लड़ाई में लाखों लोगों ने अपनी जान की बाजी लगा दी थी। इसमें छत्तीसगढ़ का नाम अग्रिम पंक्ति में दर्ज कराने वाले अमर शहीद गैंदसिंह, शहीद वीर नारायण सिंह जैसे महान सपूतों का पावन स्मरण करते हुए मैं सभी अमर शहीदों को नमन करता हूं। मंगल पाण्डे, भगत सिंह, चन्द्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खां, रानी लक्ष्मीबाई, रानी अवंतिबाई लोधी जैसी हजारों विभूतियों की शहादत हमें देश के लिए सर्वोच्च बलिदान की प्रेरणा देती रहेगी। हमारा सौभाग्य है कि आजादी की लड़ाई का नेतृत्व करने वाले अनेक महान नेता आजाद देश के नवनिर्माण का नेतृत्व भी करते रहे। मैं उन पुरखों को याद करते हुए नई पीढ़ी को बलिदान और योगदान की गौरवशाली विरासत से जोड़ना चाहता हूं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, लाल बहादुर शास्त्री, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, सरदार वल्लभ भाई पटेल, लाल-बाल-पाल, मौलाना अबुल कलाम आजाद जैसी विभूतियों ने राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व दिया था।

कलेक्टर ने कलेक्टोरेट परिसर में किया ध्वजारोहण

## आजादी के पावन अवसर पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प लेंः कलेक्टर भुरे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने कलेक्टोरेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर सभी अधिकारी कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि यह हमारे लिए खुशी का अवसर है इस दिन हमारे देश स्वतंत्र हुआ था और देशवासियों ने खुली हवा में सांस ली थी। आज के दिन हम यह संकल्प लें कि हमारा जो कर्तव्य है उसका समर्पित भाव से निर्वहन करें। जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारी अच्छा काम कर रहें है। मेरा आग्रह हैं कि कोई नागरिक उनकी कार्यालय में कोई आवेदन या कोई कार्य लेकर आता है तो संवेदशीलता से उसके बातें सुने।



साथ ही नियमानुसार उनका कार्य करें। यदि कार्य ना होने की संभावना हो तो विनम्रता पूर्वक उन्हें कारण बताते हुए लौटाएं। कलेक्टर ने कहा हमनें आजादी के अमृत महोत्सव के समापन में मेरा माटी, मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हम इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न भागों से कलश में मिट्टी एकत्र करके दिल्ली ले जाया जाएगा। जहां कर्तव्य पथ पर इस मिट्टी से अमृत वाटिका बनाई जाएगी। कलेक्टर ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों, गौठान समिति तिल्दा और उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा, एडीएम एन आर साहू, बीबी पंचभाई, बीसी साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस पर डीआरएम संजीव कुमार ने किया ध्वजारोहण, मेरी माटी मेरा देश के तहत ली गई शपथ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** पूरे राष्ट्र के साथ 77 वां स्वतंत्रता दिवस, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल के विभिन्न स्थानों पर स्थित कार्यालयों में पारंपरिक रूप से एवं हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। मंडल का मुख्य कार्यक्रम रायपुर रेल मंडल कार्यालय के प्रांगण में आयोजित गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार, विशिष्ट अतिथि अध्यक्षा सेक्रो मेघा एस. कुमार की गरिमामयी उपस्थिति मे मनाया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने मंडल सुरक्षा आयुक्त, संजय कुमार गुप्ता की अगुवाई में परेड़ की सलामी ली। मंडल कार्मिक अधिकारी (प्रभारी) राहुल गर्ग द्वारा स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम तैयार किया गया।

अतिथियों के स्वागत से कार्यक्रम प्रारंभ किया गया तथा मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार द्वारा 9.00 बजे ध्वजारोहण गया। इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल, सिविल डिफेंस के सदस्यों द्वारा मार्चपास्ट प्रस्तुत किया गया तथा मंडल रेल प्रबंधक द्वारा रेल परिवार को संबोधित किया गया। स्वतंत्रता सेनानियो को स्मरण करते हुए सभी कर्मचारियों, यात्रियों, संगठनों, सेक्रो को मंडल रेल प्रबंधक ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक एवं गौरवशाली दिन है। रायपुर रेल मंडल ने यात्री सुविधाओ, रेलवे ट्रैक मेंटेनेंस, खेलों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन, सुरक्षा-संरक्षा, उत्कृष्ट माल लदान, में अच्छा प्रदर्शन किया है अंतागढ़ से ताड़ोकी तक 17 किलोमीटर नई रेल लाइन तैयार कर ली गई हैं। इसी के साथ अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रायपुर मंडल के रायपुर, दुर्ग, भिलाई पावर हाउस एवं तिल्दा-नेवरा स्टेशनों के कायाकल्प कर यात्री सुविधाओं की बढ़ोतरी होगी।

स्टाफ वेलफेयर के तहत हैल्थ मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) मॉड्यूल, स्टाफ क्वार्टर, चिल्ड्रन पार्क, ओपन जिम,मेडिकल सुविधाओं में बढ़ोतरी की सुविधाएं दी हैं। इन सभी कार्यो में योगदान के लिये सभी रेल कर्मचारियों एवं अधिकारियों की प्रसंशा की। मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार, अध्यक्षा सेक्रो मेघा एस कुमार ने राष्ट्रीय एकता को दर्शाते तिरंगे गुब्बारों और शांति के प्रतीक सफेद कबूतरों को नीले आकाश में छोड़ कर सभी को उत्साहित किया। स्काउट गाइड के सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रास्ट्रक्चर) आशीष मिश्रा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) आरके साहू, सहायक एवं अन्य विभागीय अधिकारी सहित सेक्रो की पदाधिकारिया, यूनियन के प्रतिनिधिगण, मीडिया के सदस्य, रेल कर्मी उपस्थित रहे।





नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243























# धनुष की 50वीं फिल्म में अनिका सुरेंद्रन को मिली हीरोइन की भूमिका!

पूजा हेगड़े निस्संदेह तेलुगु दर्शकों के बीच एक प्रिय व्यक्ति के रूप में प्रसिद्ध हैं। हालांकि, अनिका सुरेंद्रन को दर्शकों और मीडिया दोनों से बास्केट केस उपनाम भी मिला है। विशेष रूप से, अनिका ने फिल्म विशीशम और अन्य फिल्मों में अजित की बेटी की भूमिका निभाई। तेलुगु फिल्म बुट्टा बोम्मा में अभिनय करने के बावजूद दुर्भाग्य से उन्हें अपने करियर में असफलता का सामना करना पड़ा। तेलुगु में सीमित प्रस्तावों के साथ, उन्होंने अपना ध्यान तमिल फिल्म उद्योग में स्थानांतरित कर दिया, जहां उन्हें आशाजनक अवसर मिले। तमिल सुपरस्टार धनुष ने सन पिक्चर्स बैनर के तहत पर्याप्त बजट के साथ निर्मित अपनी 50वीं फिल्म में अनिका को नायिका की भूमिका की पेशकश की है। इससे धनुष और अनिका दोनों के प्रशंसकों में काफी उत्साह है। तमिल और तेलुगु दोनों बाजारों में उनकी लोकप्रियता ने इस मील के पत्थर वाली फिल्म के लिए महत्वपूर्ण प्रत्याशा जगाई है। तेलुगु में सार के साथ धनुष की पिछली सफलता के साथ, तेलुगु बॉक्स ऑफिस पर उनकी 50वीं फिल्म के प्रदर्शन को लेकर उम्मीदें बहुत अधिक हैं। अनिका इस प्रोजेक्ट में अपने प्रदर्शन से एक अमिट छाप छोड़ने को लेकर आशावादी हैं।

# जुकाम हो जाए तो जानें कब और कितने दिन बाद लेनी चाहिए दवा?

सर्दी, खांसी और जुकाम मौसमी बीमारियां हैं। मौसम बदलने के साथ ये परेशान करती हैं। इसकी वजह से सिर में दर्द और दिनबर थकान रहती है। जुकाम में कुछ लोग तुरंत दवा खा लेते हैं, जबकि कुछ दवा खाना अवॉयड करते हैं। उनका मानना है कि जुकाम में तुरंत दवा खाने से जुकाम जम जाता है और इससे सिरदर्द और साइनस जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। आइए जानते हैं जुकाम में दवा खाना चाहिए या नहीं। अगर दवा खाना है तो तुरंत खाना चाहिए या बाद में।



## जुकाम में शरीर देता है संकेत

जुकाम में शरीर कुछ संकेत देता है, अगर इसपर ध्यान दिया जाए तो जल्दी राहत मिल सकती है। अगर जुकाम होने पर शरीर में ज्यादा थकान महसूस हो रही है, बदन और सिरदर्द बना हुआ है तो ज्यादा काम से बचना चाहिए। ऐसे में शरीर को जितना संभव हो, उतना आराम दें। इससे काफी जल्दी रिलीफ मिल सकता है। तुरंत दवा खाने की बजाय बॉडी को रेस्ट देना ज्यादा फायदेमंद माना गया है।

## जुकाम में कब खाना चाहिए दवा

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, बॉडी में जमा टॉक्सिंस पर नजला, जुकाम की परेशानी होती है। नाक से पानी बहने के साथ टॉक्सिंस बाहर निकल जाता है। जब हम तुरंत दवा खा लेते हैं तो टॉक्सिंस बाहर नहीं आ पाता है और परेशानी बढ़ाने लगता है। अगर जुकाम तीन से चार दिन तक बना रहे तब दवा लेनी चाहिए। डॉक्टर का कहना है कि पहले तीन-चार दिन तक इंतजार करना चाहिए। अमूमन इतने पीरियड में जुकाम खुद ही ठीक हो जाता है, लेकिन अगर यह बना रहे, तब डॉक्टर की सलाह लेकर दवा लेनी चाहिए।

## जुकाम में क्या करना चाहिए

- ■शहद और अदरक का रस लेना चाहिए।
- ■गुनगुने पानी में अदरक का सेवन करना चाहिए।
- ■गर्म पानी से भी अदरक ले सकते हैं।
- ■हल्का खाना, गर्म दूध के जवे लेना फायदेमंद होता है।

# फ्लोरल साड़ी पहनकर मोनालिसा ने लगाया एथनिक का ओवरडोज तड़का



भोजपुरी और टीवी इंडस्ट्री की खूबसूरत एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपने हॉटनेस भरे अंदाज से इंटरनटे का पारा हाई करने में लगी रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने एथनिक लुक्स से इंटरनेट पर कहर ढा दिया है। इन तस्वीरों में उनकी कातिलाना अदाएं देखकर फैंस पानी-पानी हो गए हैं। एक्ट्रेस मोनालिसा ने हाल ही में इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका सिजलिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। बता दें कि मोनालिसा जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो अक्सर फैंस के दिलों पर खंजर चल जाते हैं। लेटेस्ट तस्वीरों में एक्ट्रेस मोनालिसा ने फ्लोरल प्रिंट लुक में साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो काफी गॉर्जियस नजर आ रही हैं। अपने बालों को स्टाइलिश लुक में बांध कर और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। मोनालिसा ने अपनी इस साड़ी के साथ डीपनेक-स्लीवलेस ब्लाउज पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपनी इन तस्वीरों में कैमरे के सामने सिजलिंग अदाओं का जलवा बिखेरती हुई जमकर पोज देती हुई दिखाई दे रही हैं। फैंस को उनका ये अंदाज काफी पसंद आ रहा है, साथ ही वो मोनालिसा के इस लुक की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।



# नवजात के लिए क्यों जरूरी है टमी टाइम, यह है इसके जबरदस्त फायदे

नवजात बच्चे बहुत ही नाजुक होते हैं। उनकी अच्छी ग्रोथ के लिए उनका खास ख्याल रखना पड़ता है। हर मां-बाप को शिशुओं के हेल्थ से जुड़े बातों को समझना और उन्हें फॉलो करना जरूरी होता है। जिस तरह से नवजात को आप टाइम टू टाइम खाना खिलाते हैं, नहलाते हैं, गोद में टहलते हैं, इसी तरह नवजात के लिए टमी टाइम भी जरूरी होता है, जी हां टमी टाइम। इसका मतलब बच्चों का पेट के बल लेटना। यह बच्चों के विकास के लिए काफी जरूरी होता है। कुछ बच्चे खुद ही पलट जाते हैं और पेट के बल खेलते हैं लेकिन अगर आपका बच्चा पेट के बल लेट नहीं कर रहा है तो आपको उसे पेट के बल लेटाना चाहिए। आइए जानते हैं, इसे कितने टाइम के लिए करना चाहिए।

## क्यों जरूरी है टमी टाइम?

टमी टाइम का मतलब है बच्चों का पेट के बल लेटना वो भी उस टाइम जब बच्चा जाग रहा हो। कहा जाता है कि इस पोजीशन में बच्चों के लेटने से ओवरऑल डेवलपमेंट होता है। इससे दिमाग तेज होता है। इस पोजीशन में बच्चा खुद को मूव करता है। इस वजह से बच्चे का बॉडी मूवमेंट ठीक होता है।

यूएसए के नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ एंड ह्युमन डेवलपमेंट में पब्लिश्ड रिपोर्ट के मुताबिक बच्चे के लिए टमी टाइम जरूरी है। इससे गर्दन और कंधे के मांस पेशियों का विकास होता है। बड़े मसल्स जैसे पैर हाथ और शरीर के धड़ के विकास में भी फायदा मिलता है।

बच्चों में फ्लैट हेड सिंड्रोम का भी खतरा कम होता है। टमी टाइम की वजह से बच्चे के बॉडी को स्ट्रैंथ मिलती है। शिशु के सेंसरी डेवलपमेंट में मदद मिलती है। स्किल डिफॉरमेटी में भी मदद मिलती है। मोटर स्किल डेवलपमेंट में भी सहायता मिलती है।

## कितने देर का होना चाहिए टमी टाइम?

आप शुरू-शुरू में बच्चों को सिर्फ 3 से 5 मिनट तक के लिए पेट के बल लिटा सकते हैं। जैसे-जैसे आपका बच्चा बड़ा होता है आप उसे दिन भर में 4 से 5 बार 5 से 10 मिनट के लिए पेट के बल लिटा सकते हैं। डॉक्टर का कहना है कि 2 महीने तक की उम्र के बच्चे को हर दिन 15 मिनट से लेकर आधे घंटे तक छोटे-छोटे ब्रेक पर पेट के बाल लिटाया जा सकता है।3 महीने के बच्चे 1 घंटे तक पेट के बल लेट कर रह सकते हैं।

# फिल्म किंग ऑफ कोठा का ट्रेलर जारी एक्शन करते नजर आए दुलकर सलमान




बॉलीवुड अभिनेता दुलकर सलमान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म किंग ऑफ कोठा को लेकर चर्चा में हैं।जहां बीते महीने फिल्म का टीजर जारी किया गया था, वहीं अब निर्माताओं ने किंग ऑफ कोठा का दमदार ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जिसमें दुलकर धांसू एक्शन करते नजर आ रहे हैं। फिल्म में वह गैंगस्टर की भूमिका निभा रहे हैं। किंग ऑफ कोठा का निर्देशन अभिलाष जोशी ने किया है।

किंग ऑफ कोठा में ऐश्वर्या लक्ष्मी, डांसिंग रोज शबीर, प्रसन्ना, नायला उषा, चेंबन विनोद, गोकुल सुरेश, शम्मी थिलाकन, शांति कृष्णा और अनिखा सुरेंद्रन जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की कहानी अभिलाष एन चंद्रन ने लिखी है। किंग ऑफ कोठा 24 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। किंग ऑफ कोठा के अलावा दुलकर गन्स एंड गुलाब्स में नजर आएंगे, जो 18 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। किंग ऑफ कोठा का ट्रेलर रिलीज होते ही छा गया है। प्रशंसक सहित तमाम सितारे भी अभिनेता को शुभकामनाएं दे रहे हैं। शाहरुख खान ने ट्विटर पर किंग ऑफ कोठा का ट्रेलर साझा किया है। उन्होंने लिखा, दुलकर को किंग ऑफ कोठा के लिए बधाई। फिल्म का इंतजार कर रहा हूं। आपको बहुत बड़ी झप्पी और पूरी टीम की सफलता की कामना करता हूं। इसके जवाब में दुलकर ने लिखा, बहुत-बहुत धन्यवाद सर। यह मेरे लिए बहुत बड़ा पल है।

# 2 पार्ट्स में रिलीज होगी इंडियन-2, पोन्नियिन सेल्वन की राह चले कमल हासन

तमिल सुपरस्टार कमल हासन और निर्देशक शंकर की अपकमिंग मूवी इंडियन 2 को लेकर बज बना हुआ है। सुपरस्टार कमल हासन और ब्लॉकबस्टर फिल्मों के निर्देशक शंकर जल्दी ही अपनी कल्ट क्लासिक ब्लॉकबस्टर मूवी इंडियन के दूसरे पार्ट को लेकर सिल्वर स्क्रीन पहुंचने वाली है। कमल हासन और निर्देशक शंकर की मूवी इंडियन साल 1996 में रिलीज हुई थी। इस मूवी को उस वक्त तमिल सिनेमा इंडस्ट्री में ब्लॉकबस्टर का खिताब तो हासिल हुआ ही। साथ ही इस मूवी का हिंदी डब वर्जन हिंदुस्तानी भी ब्लॉकबस्टर साबित हुआ था। बीते 27 सालों में कमल हासन और निर्देशक शंकर की मूवी ने इंडियन सिनेमा में कल्ट क्लासिक का स्टेटस हासिल कर लिया है। अब 27 साल बाद इस मूवी के सीक्वल को लेकर मेकर्स सिल्वर स्क्रीन लौटने की तैयारी में हैं।




निर्देशक शंकर सुपरस्टार कमल हासन के साथ लंबे वक्त से इंडियन 2 को लेकर बिजी हैं। इस फिल्म को बनने में ही 3 साल से भी ज्यादा का वक्त लग चुका है। मूवी का ऐलान कोरोना काल से पहले ही हो चुका था। इसके बाद ये मूवी फ्लोर पर पहुंची। फिर महामारी, सेट पर हुआ हादसा और फिर वित्तीय संकटों की वजह से मूवी बनते-बनते कई दफा रुकी। आखिरकार कमल हासन स्टारर मूवी विक्रम की बंपर सक्सेस के बाद इंडियन 2 के काम ने दोबारा से तेजी पकड़ी। अब जब ये मूवी बनकर करीब-करीब तैयार खड़ी है तो एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है।

एक रिपोर्ट की मानें तो मेकर्स इस मूवी को एक नहीं बल्कि 2 भागों में रिलीज करेंगे। इसके साथ ही कमल हासन की मूवी इंडियन की फ्रेंचाइजी में 3 फिल्में शामिल हो जाएंगी। रिपोर्ट के मुताबिक इंडियन 2 जहां बनकर पूरी तरह से तैयार खड़ी है। तो इंडियन 3 की शूटिंग 75 फीसदी पूरी हो चुकी है। दोनों ही भागों की शूटिंग निर्माता-निर्देशकों ने साथ-साथ की है। इसके बाद इन दोनों ही फिल्मों को एक साल के अंतराल पर रिलीज कर दिया जाएगा। जैसे मणिरत्नम की मूवी पोन्नियिन सेल्वन के साथ हुआ था।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### स्वतंत्रता दिवस : महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने बालोद में किया ध्वजारोहण



**रायपुर।** देश का 77वां स्वतंत्रता दिवस बालोद जिले में हर्षोल्लास एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया। जिला मुख्यालय के स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में आज महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का स्वतंत्रता दिवस संदेश का वाचन भी किया। मुख्य अतिथि श्रीमती भेंड़िया ने शांति के प्रतीक श्वेत कपोत और हर्षोल्लास के प्रतीक रंगबिरंगे गुब्बारे भी आसमान में छोंड़े। उन्होंने जिले के शहीद जवानों के 36 परिजनों को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने जिला स्तर पर कर्तव्यों का श्रेष्ठ निर्वहन करने वाले विभिन्न विभागों के 76 अधिकारी-कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में जवानों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट के साथ हर्ष फायर किया गया। स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोनादेवी देशलहरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथलेश निरोटी, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### सुकमा में आबकारी एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने किया ध्वजारोहण

**सुकमा।** सुकमा जिले में देश की आजादी का अमृत महोत्सव पर 77 वां स्वतंत्रता दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। आजादी की 76वीं वर्षगांठ पर सुकमा के मिनी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रदेश के आबकारी एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कलेक्टर हरिस. एस और पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के साथ परेड की सलामी ली। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस की परेड में सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल, बस्तर फाईटर, नगर सेनानी, स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल सुकमा एवं कन्या उच्तर माध्यमिक विद्यालय सुकमा के बालक एवं बालिका एनसीसी कैडेट्स सहित आईएमएसटी सुकमा और डीएवी की टुकड़ी शामिल रही। परेड की निरीक्षण और सलामी के पश्चात मुख्य अतिथि ने शान्ति और प्रेम के प्रतीक सफेद कपोत और हर्ष व उल्लास के प्रतीक रंगीन गुब्बारे आसमान में छोड़े और सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। इसके उपरांत प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर देशभक्ति और स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तृति भी दी गई।

# विधानसभाध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने मनेन्द्रगढ़ में किया ध्वजारोहण

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभाध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ के आमाखेरवा एसईसीएल स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में ध्वजारोहण किया। उन्होंने कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा और पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी के साथ परेड की सलामी ली। मुख्य अतिथि डॉ. चरणदास महंत ने ध्वजारोहण के पश्चात जनता के नाम अपने संदेश में कहा कि मनेंद्रगढ़ का हसदेव क्षेत्र हमारे लिए त्रिदेव के आशीष के समान है।**



अमृतधारा झरना और रमदहा झरना की सुंदरता पर्यटकों का मन मोह लेती है। स्वतंत्रता दिवस के पुनीत अवसर पर मैं मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के महान सपूतों को महान विभूतियों को सादर नमन करता हूँ जिन्होंने देश प्रेम की मिशाल पेश की। विश्वस्तरीय कोयला खदानों से परिपूर्ण नवगठित मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर ज़िले में विकास और उन्नति की अनंत संभावनाएँ विद्यमान हैं। इसके पश्चात कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा ने जनता के नाम मुख्यमंत्री का संदेश वाचन किया। संदेश वाचन के पश्चात मुख्य अतिथि डॉ. महंत ने शांति के प्रतीक कपोत और रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में उड़ाए और सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

पुलिस एवं एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट- स्वतंत्रता दिवस के के 76 वीं वर्षगांठ की अवसर पर पुलिस एवं एनसीसी कैडेट्स द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। परेड कमाण्डर आरआई हेमंत टोप्पो एवं सेकेण्ड इन कमान उप निरीक्षक गंगासाय पैकरा के नेतृत्व में परेड की सलामी दी गयी। परेड टुकड़ियों में भारत रक्षित वाहनी 18 वीं बटालियन, जिला पुलिस बल, जिला होमगार्ड, प्लाटून कमाण्डर फारेस्ट ऑफिसर, एनसीसी सीनियर और जूनियर डिविजन तथा स्काउट गाइड के कैडेट शामिल थे।

विधानसभाध्यक्ष डॉ. महंत ने शहीदों के परिवारों से मिलकर उन्हें शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि और कलेक्टर-एसपी के द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों और पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रथम पुरस्कार अकेडमिक हाईट पब्लिक स्कूल मनेंद्रगढ़, द्वितीय पुरस्कार सेजेस मनेंद्रगढ़ और तृतीय पुरस्कार कन्या छात्रावास मनेंद्रगढ़ को प्राप्त हुआ। इन्हें भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कलेक्टर नरेन्द्र दुग्गा ने मुख्य अतिथि डॉ. महंत को संपूर्ण ज़िले की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

इस अवसर पर सरगुजा आदिवासी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरो, सीजीएमएससी के संचालक और मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल, नगर निगम चिरमिरी की महापौर श्रीमती कंचन जायसवाल, नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल, जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ के अध्यक्ष डॉ. विनयशंकर, एसपी सिद्धार्थ तिवारी, डीएफ़ओ एलएन पटेल, अपर कलेक्टर अनिल सिदार, एसडीएम मनेंद्रगढ़ श्रीमती अभिलाषा पैकरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी तथा अन्य गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## बीएम शाह हॉस्पिटल में हर्षोल्लास से मनाया गया 77 वां स्वतंत्रता दिवस



श्रीकंचपनथ न्यूज

**भिलाई।** देश के 77 वें स्वतंत्रता दिवस पर शहर में जगह जगह ध्वजारोहण कार्यक्रम हुआ। इसी कड़ी में शहर के प्रख्यात हॉस्पिटल बीएम शाह हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में हर्षोल्लास के साथ 77 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में अस्पताल के मेडिकल डॉयरेक्टर डॉ. जय तिवारी ने मां भारती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगीत गाया गया। इस दौरान अस्पताल के मेडिकल डॉयरेक्टर डॉ. जय तिवारी ने स्वतंत्रता दिवस की सभी को बधाई दी और इसका महत्व बताया। हॉस्पिटल के मेडिकल सुप्रीटेंडेंट डॉ. राहुल सिंह ने भी हॉस्पिटल स्टाफ को स्वतन्त्रता दिवस की बधाई दी। इस दौरान हॉस्पिटल परिसर में कर्मचारियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम का का समापन अस्पताल के डायरेक्टर ऑपरेशन डॉ. अरूण मिश्रा के आभार प्रदर्शन के साथ किया गया। इस दौरान उन्होंने देश की आजादी पर अपने विचार रखे और सभी से स्वच्छता बनाएं रखने की अपील की। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में हॉस्पिटल के ट्रस्टी, कार्यकारी निदेशक, चिकित्सा निदेशक, चिकित्सा अधीक्षक, निदेशक (संचालन), मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं समस्त विभागाध्यक्ष के साथ सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पंचायत मंत्री चौबे ने छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण किया

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर।** आज 15 अगस्त के पवन अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविन्द्र चौबे ने जिला कार्यालय परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण किया और विधि विधान से पूजा अर्चना और पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। विशेष अतिथि संसदीय सचिव व विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे, स्थानीय विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। अनावरण से पहले अतिथियों का कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। मंत्री चौबे ने महतारी प्रतिमा अनावरण के उपरांत पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी, छत्तीसगढ़ की अस्मिता, स्वाभिमान और सम्मान का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा लगाई जा रही है इससे छत्तीसगढ़ के नागरिकों में अपनी संस्कृति को लेकर चेतना जागृत रहेगी। तीज-त्यौहार, लोक परम्पराओं को जानने-समझने का भावी पीढ़ी को पर्याप्त अवसर मिले, यही हमारा प्रयास है।



श्री चौबे ने कहा की छत्तीसगढ़ सरकार अपनी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है।

प्रदेश सरकार के द्वारा छत्तीसगढ़ के परंपरागत तिहारों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ी बोली, गीत, छत्तीसगढ़ की पहचान गमछा, तीजा-पोरा, अक्ती, हरेली, छेरछेरा जैसे लोक जीवन के तिहारों को व्यापक स्तर पर मनाने की सार्थक पहल हुई है। और छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा प्रत्येक जिले में स्थापित करने का निर्णय लिए हैं, इसी क्रम में आज बेमेतरा जिला मुख्यालय परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण किया गया है। छत्तीसगढ़ महतारी को छत्तीसगढ़ के पारंपरिक परिधानों और आभूषणों में चित्रित किया गया है।

### खूबसूरत लयबद्ध परेड और बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन को किया मोहित

## उपमुख्यमंत्री सिंहदेव ने सरगुजा में किया ध्वजारोहण

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर। 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरगुजा जिले के पुलिस ग्राउंड अम्बिकापुर में आयोजित मुख्य समारोह में उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी। जिले में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम गरिमामय ढंग से पूरे और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्वतंत्रता दिवस अमर रहे के नारों के साथ मैदान के चारो कोने से तीन रंगों के गुब्बारों का गुच्छा और शांति के प्रतीक सफेद कपोत खुले आसमान में छोड़े गए।**



छत्तीसगढ़ में चंहु ओर खुशहाली लाने का मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के संदेश का वाचन मुख्य अतिथि टीएस सिंहदेव ने किया। उन्होंने कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा एवं परेड कमांडर के साथ सुसज्जित वाहन में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया और लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री सिंहदेव ने शहीद जवानों के परिवारजनों से मिलकर उनको शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के 173 अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया एवं शुभकामनाएं दी। स्वतंत्रता दिवस समारोह परेड का नेतृत्व परेड कमांडर शुभम तिवारी ने किया। परेड में जिला पुलिस बल, अर्धसैनिक बल, एनसीसी और स्काउट गाईड के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम में स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों, नागरिकगणों ने खूब सराहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति के उपरांत पुरस्कार वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि सिंहदेव ने समारोह में गौठान बटवाही के गौठान प्रबंधन समिति अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव को गोधन न्याय योजना रीपा गतिविधियों एवं गोमूत्र उत्पादन तथा विक्रय के सफल क्रियान्वयन हेतु 25 हजार रूपए की पुरस्कार राशि का चेक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

इस अवसर पर सीजीएमएससी अध्यक्ष एवं लुण्ड्रा विधायक डॉ प्रीतम राम, छत्तीसगढ़ स्थानीय आदिवासी स्वास्थ्य परंपरा एवं वनौषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वन समिति के उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, महापौर डॉ अजय तिर्की, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह, उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, सरगुजा संभागायुक्त श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी, आईजी अंकित गर्ग, सीसीएफ नवीद शुजाउद्दीन, जिला पंचायत सदस्य राकेश गुप्ता, सहित शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, बड़ी संख्या में स्कूली छात्र छात्राएं और शहरवासी उपस्थित रहे।

# भिलाई इस्पात संयंत्र में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह

श्रीकंचपनथ न्यूज

**भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मेनगेट परेड ग्राउंड में मुख्य ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ध्वजारोहण के साथ ही राष्ट्रगान हुआ एवं परेड की सलामी ली। संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने प्रात: 9:00 बजे मेनगेट परेड ग्राउंड में ध्वजारोहण किया। इसके पूर्व उप-महानिरीक्षक श्रीमती प्रतिभा अग्रवाल ने आकर परेड का अवलोकन किया।**




संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने वहां उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए अपने स्वतंत्रता दिवस संदेश में कहा कि आज स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर मैं आप सब को और आपके परिजनों को हार्दिक बधाई देता हूँ। इस तिरंगे के साथ मैं उन असंख्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, नायकों तथा देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले बलिदानियों को श्रद्धासुमन अर्पित करता हूँ, जिन्होंने निस्वार्थ भाव से देश की सेवा की और एक स्वतंत्र देश होने के सपने को साकार किया है।

अपने संदेश में अनिर्बान दासगुप्ता ने सारगर्भित तरीके से भिलाई इस्पात संयंत्र की वर्तमान उपलब्धियों, भविष्य की रूपरेखा एवं लक्ष्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आइये, हम सब मिलकर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर, अग्रसर एक प्रगतिशील राष्ट्र की आकांक्षाओं को साकार करें। हमें गर्व है कि राष्ट्र की समुद्री सीमाओं की रक्षा में तैनात युद्धपोतों के निर्माण से लेकर राष्ट्र के अधोसंरचना विकास की परियोजनाओं हेतु भिलाई ने श्रेष्ठ इस्पात की आपूर्ति को सुनिश्चित किया है। इसी क्रम में, उन्होंने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कहा कि, इस्पात बनाना एक जटिल एवं कठिन प्रक्रिया है। इन परिस्थियों में हमें सुरक्षित कार्य प्रथाओं को अपनाने के अपने प्रयास के प्रति प्रतिबद्ध रहना चाहिए। यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम सभी एसओपी, एसएमपी का पालन करें और आवश्यक व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण का उपयोग करें। हमारा लक्ष्य शून्य दुर्घटना का होना चाहिए।

स्वतंत्रता दिवस के इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रबर्ती, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ विशेष रूप से उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त इस समारोह में ऑफिसर्स असोसिएशन के अध्यक्ष एवं अन्य श्रमिक संगठनों के प्रमुख उपस्थित थे। साथ ही विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अन्य उच्च अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में कार्मिकगण शामिल हुए।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संयंत्र के प्रमुख स्थानों पर भी ध्वजारोहण किया गया। संयंत्र भवन में कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) श्री अंजनी कुमार ने ध्वजारोहण किया। इस्पात भवन में कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय ने ध्वजारोहण किया। रिफैक्टरी स्टोर में कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रबर्ती ने ध्वजारोहण किया। इसी प्रकार एक्स्पांसन बिल्डिंग में कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा ने ध्वजारोहण किया। एचआरडी सेंटर में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने तथा सीईज़ेड (आई आर) में कार्यपालक निदेशक बी के गिरी ने ध्वजारोहण सम्पन्न किया गया। साथ ही संयंत्र के अन्य सभी विभागों में विभाग प्रमुखों द्वारा तथा इस्पात क्लबों में संबंधित क्लब अध्यक्षों द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

प्रारम्भ में परेड की सलामी के बाद मुख्य अतिथि द्वारा देश की आज़ादी के प्रतीक के तौर पर रंग बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े। परेड की मार्च-पास्ट में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, अग्निशमन विभाग, स्कूल के एन सी सी, स्काउट गाइड एवं डॉग स्क्वाट द्वारा किया गया। इसी कड़ी में देशभक्ति गीत का प्रदर्शन सेक्टर-10 स्कूल के बच्चों द्वारा किया गया।

## महापौर विजय देवांगन ने नगर निगम कार्यालय में किया ध्वजारोहण

**धमतरी।** 76 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के पावन पर्व को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ नगर पालिक निगम धमतरी के द्वारा मनाया गया नगर निगम कार्यालय में महापौर विजय देवांगन एवं जय स्तंभ चौक मे सभापति अनुराग मसीह के द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई। इस अवसर पर महापौर विजय देवांगन ने नगर वासियों को आजादी की 76 वी स्वतंत्रता दिवस पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी,आगे कहां देश की एकता और अखंडता, संविधान और लोकतंत्र के प्रति आस्था को बचाए रखना एक चुनौती थी और उसके लिए भी हमारे देश की सेनाओं व सुरक्षा बलों के जवानों ने शहादत दी है मैं उन अमर शहीदों को सादर नमन करता हूं। सभापति अनुराग मसीह ने देश के आजादी अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले देश के महापुरुषों के जीवनी पर प्रकाश डाला।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# घर के बाहर खड़ी 10 से ज्यादा मोटर साइकिलें खाक, बदमाशों ने आधी रात दिया घटना को अंजाम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर की एक बस्ती में बदमाशों की कारगुजारी के कारण कई परिवारों के वाहन जलकर खाक हो गए। मंगलवार सुबह स्वतंत्रता दिवस की खुशी के साथ सभी जागे लेकिन जैसे ही घर के बाहर पहुंचे तो गाड़ियां जली मिली। बदमाशों ने 10 से ज्यादा मोटरसाइकिलों को फूंक दिया। मामला पुलिस तक पहुंचा और पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर बदमाशों की तलाश में जुट गई है।

यह पूरी घटना रायपुर के सड्डू बस्ती क्षेत्र की है।



यहां 14 अगस्त की रात को कई बदमाशों ने एक साथ कई गाड़ियों में आग लगा दी। जिस समय गाड़िया जल रही थी उस समय घर पर सभी सो रहे थे। मंगलवार की सुबह जब जागे और बाहर निकले तो सभी की गाड़ियां जली मिली। दरअसल बस्ती में लोग अपने वाहन घरों के बाहर ही खड़ी कर देते हैं। बदमाशों ने इस दौरान 10 से ज्यादा मोटर साइकिलों को आग के हवाले किया।

### जलकर खाक हो चुकी थी गाड़ियां

बस्ती के लोगों ने जब देखा तो सभी गाड़ियां जलकर राख हो चुकी थी। इसके बाद बस्ती वालों की इसकी शिकायत थाने में कराई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफअपराध दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसी टीवी फुटेज खंगार रही है ताकि बदमाशों का कुछ सुराब मिल सके। पुलिस जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का दावा कर रही है। बहरहाल गाड़ियां जल जाने से यहां के लोगों की परेशानियां बढ़ गई है। राजधानी रायपुर में यह पहला मामला नहीं है कुछ दिन पहले भी कोतवाली थाना परिसर में बदमाशों ने जब्त वाहनों को फूंक दिया था। इस मामले में पुलिस आसपास के कुछ घुमंतू बदमाशों को गिरफ्तार भी किया था।

## खास-खबर



### डैम में डूबने से 2 छात्रों की मौतः गहराई में जाकर फोटो खिंचाने के दौरान फिसला पैर, स्कूल से 6 दोस्त घूमने गए थे

**जांजगीर-चांपा (ए)।** जांजगीर-चांपा जिले के कुदरी बैराज में डूबने से दो छात्रों की मौत हो गई है। दोनों छात्र कक्षा 12वीं में पढ़ते थे। इनके अलावा 4 और दोस्त स्कूल से मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह के बाद घूमने निकले थे। बताया जा रहा है कि गहराई में फोटो खिंचाने के दौरान यह हादसा हुआ है।

मामला चांपा थाना इलाके का है, जहां विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्कूल के 6 छात्र देवेंद्र शर्मा, ऋषभ ध्रुव, ओम गुप्ता, शुभम कश्यप, आकृति मिश्रा और एनी थापा ये सभी दोपहर में कुदरी बैराज पहुंचे थे। जिनमें से देवेंद्र शर्मा और ऋषभ ध्रुव की मौत हो गई। दोपहर करीब 1-2 बजे सभी हसदेव नदी में उतरे। इधर देवेंद्र शर्मा (19 वर्ष) निवासी नेताजी चौक जांजगीर और ऋषभ ध्रुव (18 वर्ष) निवासी नैला थोड़ा गहराई में जाकर फोटो क्लिक करवा रहे थे। इनकी फोटो छात्र ओम गुप्ता खींच रहा था। इसी दौरान देवेंद्र का पैर थोड़ा ज्यादा गहराई में चला गया और वो खुद को संभाल नहीं सका और पानी के तेज बहाव में बहने लगा। उसे बचाने के लिए ऋषभ ने भी कोशिश की लेकिन तेज बहाव के कारण वह भी बह गया।

### पिता ने शराब नहीं दी, तो बेटे ने की हत्याः हथौड़े से सिर पर वार कर उतारा मौत के घाट, गिरफ्तार

**बलरामपुर-रामानुजगंज (ए)।** बलरामपुर-रामानुजगंज जिले की सामरी थाना पुलिस ने पिता की हथौड़े से हत्या करने वाले आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम फूलसाय है। पुलिस ने आरोपी के पास से हत्या में इस्तेमाल हथौड़ा भी बरामद कर लिया है। आरोपी को फिलहाल न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, सामरी थाना क्षेत्र के टाटीझरिया निवासी रोनहा नगेशिया (59 वर्ष) की उसके बेटे फूलसाय (42 वर्ष) ने सोमवार को हथौड़े से सिर पर ताबड़तोड़ वार कर नृशंस हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलने पर सामरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने आरोपी बेटे पर मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी फूलसाय ने बताया कि वो कुछ दिनों से काम पर नहीं जा रहा था। पिता काम पर जाने के लिए बार-बार बोलता था, जो उसे अच्छा नहीं लगता था। सोमवार की सुबह उसने पिता को शराब लाने के लिए भेजा, लेकिन शराब नहीं मिलने पर वो खाली हाथ वापस आ गया। इसके बाद पिता फिर से उसे काम पर जाने के लिए कहने लगा। इस पर उसे गुस्सा आ गया और उसने पत्थर तोड़ने वाले बड़े हथौड़े से सिर पर ताबड़तोड़ वार कर पिता की हत्या कर दी।

# राजधानी रायपुर में चाकूबाजीः जमकर हुई मारपीट, घायल को अस्पताल में कराया भर्ती

**रायपुर (ए)।** रायपुर के पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में मारपीट और चाकूबाजी की अलग-अलग वारदात सामने आई है। जिसमें पहले मामले में कुछ युवकों ने औकात की बात पर दूसरे युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जिसके बाद युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहीं दूसरे मामले में घर के पास खाली प्लाट में कचरा फेंकने को लेकर दो परिवारों में जमकर मारपीट हो गई। फिलहाल पुलिस इन दोनों मामलों में किसी व्यक्ति को भी हिरासत में नहीं लिया है।

पहला वारदात सोमवार की देर शाम 7.30 बजे हुई। इस केस में




हेमंत यादव ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा गिरीश यादव मोहल्ले के कुछ युवकों के साथ बातचीत कर रहा था। वे पुरानी बस्ती के कंकाली तालाब के पास बैठे हुए थे। इसी बीच एक युवक तरण निर्मलकर के साथ उसकी बहसबाजी हो गई।

आरोपी तरण ने मेरे सामने तेरी औकात क्या है, कहते हुए मारपीट चालू कर दिया। फिर उसने जेब से चाकू निकाला और गिरीश पर वार कर दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। फिर आसपास मौजूद युवकों ने उसे तत्काल मेकाहारा अस्पताल में भर्ती करवाया। फिलहाल उसकी हालत सामान्य बताई जा रही है।

दूसरा मामला पुरानी बस्ती क्षेत्र के विनोबा भावे नगर का है। देवकी लोनहारे ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार के साथ यहां रहती है। सोमवार की दोपहर उसने घर के सामने रहने वाले सुधीर शर्मा ने बाजू के खाली प्लाट में कचरा फेंका। उस जगह में इनकी मोटरसाइकिल और ऑटो खड़ी रहती है तो उन्होंने कचरा फेंकने से मना किया। जिसके बाद सुधीर शर्मा ने कहा की ये मेरी जगह है मैं जैसा चाहूं वैसा करूंगा। उन्होंने गुस्से में आकर गंदी गाली गलौज चालू कर दी।

# पत्नी को पीट-पीटकर मार डाला, फिर पति ने लगाई फांसीः बिस्तर पर पड़ा मिला महिला का शव

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही।** गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में बुधवार को पति-पत्नी की लाश संदिग्ध हालत में मिली। महिला की लाश पर गंभीर चोट के निशान हैं। उसका शव बिस्तर पर पड़ा हुआ मिला, वहीं पति की लाश फांसी पर लटकी हुई मिली। मामला पेंड्रा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, पेंड्रा के शिकारपुर गांव में मोहिंदर रजक अपनी पत्नी प्रीति और 7 साल के बेटे के साथ रहता था। प्रीति रजक और पति मोहिंदर रजक दोनों सरकारी छात्रावास में दैनिक कर्मचारी का काम करते थे। उसके घर के बगल में ही उसके बड़े भाई का परिवार रहता है। मंगलवार रात पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। जिसके बाद पति ने पत्नी की जमकर पिटाई कर दी। इस बीच बेटे की नींद खुली, तो पिता ने डांटकर उसे सो जाने के लिए कहा।

बुधवार सुबह 7 बजे के करीब जब बेटे की नींद खुली, तो उसने देखा कि बिस्तर पर मां सोई हुई है। उसने उसे बार-बार जगाने की कोशिश की, लेकिन वो नहीं उठी। वहीं पिता का शव फांसी पर लटका हुआ दिखाई दिया। बच्चा दौड़ते हुए बगल में ही अपने बड़े पापा के घर गया और वहां पूरी बात बताई। इसके बाद बड़े भाई का परिवार और आसपास के



लोग मौके पर पहुंचे, तो यहां बिस्तर पर महिला की लाश पड़ी हुई थी और मोहिंदर का शव फांसी पर लटका हुआ था। घटना की सूचना तुरंत पेंड्रा थाना पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते ही एडिशनल एसपी मनीषा ठाकुर और पेंड्रा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। दोनों पति-पत्नी के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गया है। घटनास्थल का जायजा लेकर सबूत इकट्ठा किए गए हैं। परिजनों के बयान भी दर्ज किए गए हैं।


ASP मनीषा ठाकुर ने बताया कि परिजनों के अनुसार पति-पत्नी के संबंध आपस में अच्छे थे, इसलिए किस बात पर दोनों का विवाद हुआ पता नहीं है। वहीं महिला के शरीर पर चोट के निशान हैं।

# मनगट्टा में पिकनिक मनाने पहुंचे तीन युवक डूबे, बंद पड़े खदान में नहाने उतरे थे सभी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में स्वतंत्रता दिवस के दिन पिकनिक मनाने मनगट्टा गए तीन युवक डूब गए। यहां के एक बंद पड़े मुरुम खदान में नहाने उतरे और गहराई का अंदाजा नहीं होने से डूब गए। खदान के बाहर खड़े कुछ युवकों ने मदद के लिए आवाज भी लगाई। मौके पर मौजूद आसपास के लोगों ने शाम तक तीनों युवकों के शवों को बाहर निकाल दिया था। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

बता दें स्वतंत्रता दिवस के दिन युवाओं में पिकनिक मनाने का शौक



होता है। एडवेंचर के लिए वे ऐसी जगहों पर पहुंच जाते हैं जहां खतरा भी ज्यादा होता है। ऐसा ही मामला मंगलवार को राजनांदगांव के मनगट्टा में देखने को मिला। लंबे समय से बंद पड़े खदान में नहाने उतरे युवक पानी में डूब गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने रेस्क्यू अभियान चलाया। हादसे में नागपुर निवासी अतुल पुड़े, उत्तर प्रदेश के निवासी अरविंद कुमार और भिलाई निवासी एन मिश्रा की मौत हो गई। इस मामले में सोमनी पुलिस जांच कर रही है।

### गोंदिया में नौकरी करते थे तीनों

पुलिस ने बताया कि नागपुर निवासी अतुल पुड़े, उत्तर प्रदेश के निवासी अरविंद कुमार और भिलाई निवासी एन मिश्रा महाराष्ट्र गोंदिया के सिद्धिविनायक कोचिंग क्लासेस में नौकरी करते थे। यह सभी छुट्टी का दिन होने के कारण अपने एक अन्य साथी राजस्थान निवासी नारायण साल्वे के साथ मनगट्टा पिकनिक मनाने पहुंचे थे। इस दौरान हादसे का शिकार हो गए।


कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दुर्ग, दिनांक 04.08.2023

(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)
प्रथम आमंत्रण

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 24.08.2023 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र./ सि.क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 171 / 144042 | उपसंभाग क्रं 2 दुर्ग के अंतर्गत आने वाले विभिन्न आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में एम.ओ.डब्लू./वार्षिक मरम्मत/विशेष मरम्मत तथा बी.टी. पेच रिपेयर कार्य, विभिन्न मार्गों में पुल पुलिया पर मरम्मत कार्य। | 196.96 |
| 172 / 144043 | उपसंभाग क्रं 1 दुर्ग के अंतर्गत आने वाले विभिन्न आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में | 194.90 |
| 173 / 144044 | उपसंभाग क्रं 2 दुर्ग के अंतर्गत दुर्ग-धमधा-बेमेतरा राज्य मार्ग, धमधा-गंडई मार्ग के | 48.00 |
| 174 / 144045 | उपसंभाग क्रं 2 दुर्ग के अंतर्गत आने वाले विभिन्न आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में | 80.00 |
| 175 / 144046 | ग्राम बानबरद में हाई स्कूल भवन का निर्माण कार्य। | 60.65 |
| 176 / 144048 | मु.सु.स.यो. अंतर्गत वि.खं दुर्ग के ग्राम तिरगा में मुख्य मार्ग से बेलचंदन शमशान घाट पहुँच मार्ग तक सी.सी.रोड लं. 500 मीटर निर्माण कार्य। | 29.93 |
| 177 / 144049 | मु.सु.स.यो. अंतर्गत वि.खं दुर्ग के ग्राम मतवारी में आंगनबाड़ी केन्द्र क्रं 2 से गौठान से बिसत बंजारी के घर तक सी.सी.रोड लं. 460 मीटर निर्माण कार्य। | 20.85 |
| 178 / 144051 | मु.सु.स.यो. अंतर्गत वि.खं दुर्ग के ग्राम नगपुरा चिखली मुख्य मार्ग से मुक्तिधाम पहुँच मार्ग लं. 525 मीटर निर्माण कार्य। | 31.43 |
| 179 / 144052 | मु.सु.स.यो. अंतर्गत वि.खं दुर्ग के ग्राम खोपली के वर्मा कॉम्प्लेक्स मुख्य मार्ग से प्रायमरी स्कूल तक सी.सी. रोड लं. 768 मीटर निर्माण कार्य। | 25.29 |
| 180 / 144053 | मु.सु.स.यो. अंतर्गत वि.खं दुर्ग के ग्राम मचांदुर में कॉलेज भवन तक सी.सी. रोड लं. 216 मीटर निर्माण कार्य। | 27.09 |
| 181 / 144054 | मु.सु.स.यो. अंतर्गत वि.खं दुर्ग के ग्राम अंडा कें पटवारी कार्यालय से मेन रोड लं. 450 मीटर निर्माण कार्य। | 24.82 |
| 182 / 144055 | जिला -राजनांदगांव के बुद्धुभरदा (वि.खं.डोंगरगॉव) में हाईस्कूल भवन का निर्माण कार्य। | 67.99 |
| 183 / 144057 | जिला -राजनांदगांव के घुमका-पटेवा मेन रोड से दर्रा मार्ग लं 1.00 कि.मी. पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 106.28 |

टीप
1. एन.आई.टी.क्रं. 171 से 181 लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग दुर्ग से संबंधित है, एन.आई.टी. क्रं 182 एवं 183 लोक निर्माण विभाग राजनांदगांव संभाग राजनांदगांव से संबंधित है ।
2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है ।
3. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

जी-04243/7

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष-0788-2210876


# कृषि केंद्रों में छापेमारी, दो दुकानें सीलः ज्यादा कीमत पर बेची जा रही थी यूरिया

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में कृषि केंद्रों में खाद की कालाबाजारी और ज्यादा कीमत पर यूरिया सहित अन्य खाद बेचने पर शनिवार को रायपुर की टीम ने छापेमारी की। इस दौरान जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर दो दुकानों को सील कर दिया गया है। जबकि एक दुकान में बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। कृषि विभाग की इस कार्रवाई से उर्वरक विक्रेताओं में हड़कंप मच गया है।

शहर और आसपास के कृषि केंद्रों में तय कीमत से अधिक दर पर खाद की बिक्री की जा रही थी। वहीं, स्थानीय स्तर के अधिकारी इन शिकायतों को लगातार नजरअंदाज कर दिखावे के लिए निरीक्षण कर रहे थे। इसकी जानकारी रायपुर में कृषि विभाग के संचालक को हुई, तब संचालनालय ने टीम गठित कर दुकानों में छापेमारी करने के निर्देश दिए।

### दुकान में खाद की बिक्री पर प्रतिबंध

विभाग के अफसरों की टीम ने अलग-अलग उर्वरक विक्रेताओं की दुकानों में



छापेमारी की। जांच के दौरान हरदीकला स्थित मेसर्स कौशिक कृषि केन्द्र में रिकार्ड संधारण नहीं किया गया था। वहीं, बिल बुक भी नहीं नहीं मिला, जिसके बाद टीम ने यहां खाद के विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया है।

### दो दुकानों को किया सील

इस कार्रवाई के दौरान टीम ने शनिचरी स्थित मेसर्स कृषक साथी केंद्र की जांच की, जिसमें निर्धारित कीमत से अधिक दर पर यूरिया खाद की बिक्री की जा रही थी। साथ ही संस्थान के गोदाम का आवश्यक दस्तावेज भी पेश नहीं किया गया, जिस पर मेसर्स कृषक साथी के विक्रय और भण्डारण स्थल को सील कर दिया गया है। शनिचरी बाजार में ही स्थित मेसर्स वसुंधरा कृषि संसार का भी निरीक्षण किया गया। यहां बिना खाद विक्रय (पॉस) आईडी के यूरिया खुली बोरी में बेची जा रहा थी। साथ ही अनुज्ञप्ती में स्त्रोत प्रमाण पत्र के बिना जैव उर्वरकों की बिक्री की जा रही थी। टीम ने मेसर्स वसुंधरा कृषि संसार को भी सील कर दिया है। कार्रवाई में संचालनालय रायपुर से सहायक संचालक सुमित सोरी, बिलासपुर के संयुक्त संचालक कृषि अशोक कुमार बनाफर, सहायक संचालक कृषि एसएस जगत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः- 9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### जेपी प्रतिष्ठान में फहराया तिरंगा



**भिलाई।** भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान एचएससीएल कालोनी रूआबांधा में स्वतंत्रता दिवस गरिमामय ढंग से मनाया गया। प्रतिष्ठान के अध्यक्ष आर पी शर्मा ने ध्वजारोहण किया और सभी लोगों ने तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान मदन श्रीवास्तव, एमआर रजक, डीडी सिंह,त्रिलोक सिंह, अरविंद कुमार, केडी प्रसाद, अमित प्रसाद और विद्या भूषण सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### शुभ संकल्पों की श्रद्धांजली देकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**भिलाई ।** शिव भगवानुवाच: भारत जैसा पवित्र देश कोई होता नहीं! इस भाव को स्पष्ट करते हुए भिलाई सेवाकेंद्रो की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा बहन जी ने सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कहा कि यह भारत है जो स्वर्ग था! जहाँ 2500 वर्ष कोई लड़ाई नहीं हुई थी। यही भारत सोने की चिड़िया हुआ करता था। तो ऐसी दुनिया अब हमें पुन: बनानी ही है। इन प्रेरणादाई आशीर्वचनों के पश्चात् भारत के लिए शहीद हुए महानात्माओं को 2 मिनट राजयोग द्वारा सारी सभा ने अपने शुभ संकल्पों की श्रद्धांजली देकर ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर डिवाइन ग्रुप के बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति देकर सभी में देशभक्ति की ऊर्जा का संचार किया।

### आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश के तहत विधायक, महापौर व आयुक्त ने शीतला तालाब में किया वृक्षारोपण

**दुर्ग।** सीमाक्षेत्र अंतर्गत नगर निगम द्वारा सोमवार को पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया।आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर कसारीडीह सिविल लाइन शीतला तालाब के पास मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल,आयुक्त लोकेश चन्द्राकर एवं पर्यावरण विभाग प्रभारी सत्यवती वर्मा द्वारा 75 फलदार व छायादार पौधा लगाया गया।इस अवसर पर मौजूद एमआईसी सदस्य भोला महोविया, उपायुक्त मोहेंद्र साहू,कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम,जितेंद्र समैया,अनिल सिंह के अलावा उपस्थित जनों द्वारा लगाए गए पेड़ो के रखरखाव और पर्यावरण संरक्षण की बात कही। इस दौरान पौधा लगाते हुए विधायक अरुण वोरा और महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि पेड़ है तो हम हैं, नहीं तो धरती वीरान है। प्रत्येक देशवासी को अपने जीवन काल में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। उन्होंने नवीन पहल करते हुए सभी को अपने हिस्से के एक- एक पौधे के नामकरण और उसके रखरखाव की ज़िम्मेदारी दी।वही आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बताया कि शीतला तालाब परिसर में 75 पौधे लगाकर इस कार्यक्रम को सफल किया गया। ताकि हमारा शहर एवं देश हरा भरा हो सके।

# जिले में हर्षोल्लास के साथ मना स्वतंत्रता दिवस, गृहमंत्री ने किया ध्वजारोहण





श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। दुर्ग जिले की गौरवशाली परम्परा के अनुरूप आज 77वें स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास वातावरण में पूरी गरिमा के साथ समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के गृह, जेल, लोक निर्माण, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन, कृषि विकास एवं किसान कल्याण एवं जैव प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने मुख्य समारोह स्थल पुलिस परेड ग्राऊण्ड में ध्वजारोहरण कर परेड की सलामी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का प्रदेश की जनता के नाम दिये संदेश का वाचन किया और समारोह में उपस्थित स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों एवं शहीद जवानों के परिजनों को शॉल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।**

समारोह के दौरान जिले के विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की अत्यंत मनमोहक और आकर्षक प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालय के प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार वितरण किया। उन्होंने सराहनीय कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारियों को भी प्रशस्ति-पत्र वितरित कर सम्मानित किया।

समारोह के प्रारंभ में मुख्य अतिथि गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने समारोह स्थल पुलिस परेड ग्राऊण्ड पहुंचकर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राष्ट्रगान के उपरान्त उन्होंने कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के साथ परेड का निरीक्षण किया तथा समारोह में सम्मिलित सभी लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। समारोह में परेड द्वारा हर्ष फायर किया गया और राष्ट्रपति की जय-जयकार की गई। उत्साह व उमंग के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में उड़ाये गये।

मुख्य अतिथि ने परेड की सलामी ली तथा परेड में शामिल प्लाटून कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया। परेड में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल (पुरूष व महिला), छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल प्रथम/7वीं वाहिनी, जिला पुलिस बल की 03 प्लाटून, नगर सेना, एन.सी.सी. सीनियर एवं जुनियर (बालक व बालिका), रेडक्रॉस शामिल थे। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुम्हारी, कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरू नगर भिलाई, शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग और विज्ञान विकास केन्द्र दुर्ग के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत पर सामूहिक सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुतियों से सभी दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि मंत्री साहू ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति के लिए प्रथम स्थान के लिए विज्ञान विकास केन्द्र दुर्ग, द्वितीय स्थान के लिए शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग एवं तृतीय स्थान के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुम्हारी को तथा विशेष प्रदर्शन के लिए कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरू नगर भिलाई को पुरस्कृत किया। इसी प्रकार परेड में प्रोफेशनल श्रेणी अंतर्गत प्रथम पुरस्कार जिला पुलिस बल, द्वितीय पुरस्कार नगर सेना एवं तृतीय पुरस्कार छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल भिलाई तथा नान प्रोफेशनल अंतर्गत प्रथम पुरस्कार एनसीसी सीनियर बालिका, द्वितीय पुरस्कार एनसीसी जुनियर बालक तथा रेडक्रॉस को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधिगण, नगर के गणमान्य नागरिक, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी/कर्मचारी, विभिन्न स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

स्वतंत्रता दिवस पर गृहमंत्री की बड़ी सौगात

## मचान्दुर में दाऊ उत्तम साव शासकीय महाविद्यालय भवन का किया लोकार्पण



**दुर्ग।** प्रदेश के गृह मंत्री एवम् क्षेत्र के विधायक ताम्रध्वज साहू ने ग्राम मंचादुर में दाऊ उत्तम साव शासकीय महाविद्यालय की स्थापना को मंचादुर सहित आसपास के क्षेत्र के लिए बहुत बड़ा सौगात बताया। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम मंचादुर में 4 करोड़ 65 लाख 84 हजार की लागत राशि से दाऊ उत्तम साव शासकीय महाविद्यालय के लोकार्पण अवसर पर मुख्यअतिथि प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, अध्यक्षता देवेंद्र देशमुख, विशेष अतिथि कृषि सभापति योगिता चंद्राकर, उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख, जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़, भीषम हिरवानी, प्राचार्य महाविद्यालय उतई नीरजा रानी पाठक, प्राचार्य उतई महाविद्यालय राजेश पांडे, जनपद सदस्य लेखन साहू, सरपंच दिलीप साहू , सुभाष साव उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुवात ग्राम पुरोहीत द्वारा पुजा अर्चना कर मंत्री ताम्रध्वज साहू द्वारा दाऊ उत्तम साव शासकीय महाविद्यालय का शुभांरभ किया गया। तत्पश्चात् मंत्री साहू ने नवीन कालेज का निरीक्षण किया।

कार्यक्रम की स्वागत भाषण प्राचार्य महाविद्यालय मंचादुर नीरजा रानी पाठक ने किया उन्होनें इस महाविद्यालय के लिए मूलभूत सुविधाएं के राशि की मांग रखी। कृषि सभापति ने महाविद्यालय की स्थापना पर बधाई दी गृह मंत्री का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू ने कहा कि ग्राम मंचादुर में नए महाविद्यालय का स्थापना हुआ है इससे नई पीढ़ी को शिक्षा प्राप्त करने में आसानी रहेगी। शिक्षा से व्यक्ति में अपार संभावनाए जन्म लेती है। इससे देश विकसित होने की दिशा में आगे बढ़ेगा। सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए संकल्पबद्ध है। मंत्री साहू ने आगे कहा है कि हमारी सरकार गांवों, किसानों, युवाओं, आदिवासियों, मजदूरों, महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए काम कर रही है।

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में शिक्षा के लिए ग्राम मंचादुर, निकुम, नगपुरा, धनोरा और रिसाली में महाविद्यालय की स्थापना की गई है जिसमें ग्राम मंचादुर शासकीय महाविद्यालय भवन का लोकार्पण हुआ है ग्राम निकुम और नगपुरा का कार्य प्रगतिरथ है इसके साथ ही ग्राम धनोरा में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय बन कर तैयार है साथ विभिन्न स्कूलों का उन्नयन किया गया। राज्य सरकार ने हर वंचित तबके तक उनके सामाजिक और आर्थिक अधिकार पहुंचाने का काम किया है छत्तीसगढ़ में सरकार बनने से पहले ही हमने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कर दी थी इन्हीं पर छत्तीसगढ़ सरकार काम कर रही है। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पंचायत डिकेंद्र हिरवानी, खुमान साव, जनपद सदस्य गण हीरामणी देशमुख, भुनेश्वरी ठाकुर, सरस्वती सेन, दीपिका चंद्राकर, डूमेश्वरी देशमुख, हेमकुमारी देशमुख, नोहर साहू, सरपंच गण गीता महांनद, गोवर्धन बारले, धनश्याम गजपाल, पिलेश्वर साहू, चांदखान, जामवत गजपाल, महेश साहू, नंदकुमार साहू आदि लोग उपस्थित थे।

# खुर्सीपार में शान से लहराया 100 फीट ऊंचा तिरंगा, विधायक देवेन्द्र बोले- हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा हमारा भिलाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की पहल पर खुर्सीपार में 100 फीट ऊंचा तिरंगा फहराया गया। यह संभवत प्रदेश का तीसरा सबसे ऊंचा तिरंगा है। जो खुर्सीपार में स्थापित किया गया है। इससे पहले प्रदेश का सबसे ऊंचा तिरंगा रायपुर के मरीन ड्राइव में स्थापित किया गया था। इसके बाद भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की पहल से दूसरा तिरंगा शहीद पार्क सेक्टर 5 में स्थापित किया गया है और आज तीसरा तिरंगा खुर्सीपार में स्थापित किया गया। इस अवसर पर महापौर और भिलाई नगर विधायक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।**





स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर शहर भर में ध्वजारोहण के कार्यक्रम हुए। कई कार्यक्रमों में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ध्वजा रोहन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसी कड़ी में खुर्सीपार में 100 फीट ऊंचा तिरंगा स्थापित किया गया है। स्वतंत्रता दिवस के दिन विधायक देवेन्द्र यादव ने यहां पर ध्वजारोहन किया।

पूरे खुर्सीपार क्षेत्र के लोग इस आयोजन में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे हैं। हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने इस अवसर पर अपने आपको गौरवान्वित महसूस किया और भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव का दिल से आभार व्यक्त किया। सभी ने मिलकर राष्ट्रगीत गाया और तिरंगे को सलामी दी। कार्यक्रम समापन के बाद क्षेत्र के लोग तिरंगे के साथ और विधायक देवेंद्र यादव के साथ सेल्फी खिंचवाते नजर आए पूरे खुर्सीपार क्षेत्र में हर्ष और उमंग का माहौल है।

### स्थापित किए शहीद भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु की प्रतिमा

पावर हाउस में शहीद ए आजम भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु तीनों की प्रतिमा सालों से स्थापित है लेकिन यह प्रतिमा जहां स्थापित है वहां जर्जर स्थिति में थे, जिसे भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने साफ सुथरा कर रिनोवेट किया गया है और पूरी तरह से नया स्वरूप देकर शहीदे आजम भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु की प्रतिमा को नया स्वरूप में पूरे सम्मान के साथ स्थापित किया गया है। आज 15 अगस्त के अवसर पर यहां भी विधायक देवेंद्र यादव ने ध्वजारोहण किया और नई प्रतिमाओं का अनावरण किया।

श्रद्धेय स्व.श्री मोतीलाल वोरा की स्मृति में उत्कृष्ट कार्य करने वाले को शाल, श्रीफल, मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

# निगम प्रांगण में विधायक,महापौर ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। नगर पालिक निगम।स्वतंत्रता दिवस के 77वे वर्षगांठ पर नगर निगम कार्यलय प्रांगण में भारत माता के तैलय चित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने अधिकारी/ कर्मचारियो के बीच ध्वजारोहण किया।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर निगम में उल्लेखनीय एवं विशेष कार्य करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों को विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल,आयुक्त लोकेश चन्द्राकर व सभापति राजेश यादव ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।**



उल्लेखनीय व विशेष कार्य करने वालो को महापौर धीरज बाकलीवाल की पहल पर बजट घोषणा के बाद श्रद्धेय श्री मोतीलाल वोरा की स्मृति में निगम क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों के विशेष योगदान देने वालो को पुरस्कृत किया गया ।

अधिकारियों तथा कर्मचारियों के कार्यों को प्रमाण पत्र देकर, फूल माला पहनाकर उत्साह वर्धन किया गया जिसमें मुख्य रूप से स्व भीमराव,उप अभियंता ( मरणोपरांत ) दुर्गेश गुप्ता, अनिल सिंह, पंकज साहू, मोहित मरकाम, विकाश दमाहे, यमन वर्मा, सुश्री लक्ष्मी साहू,आशुतोष ताम्रकार, संतोष कसार, विजय राजपुर, पुरषोत्तम साहू,भरत देवांगन आदि शामिल है।साहित्य,कला,पत्रकारिता हेतु नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा प्रथम बार श्रद्धेय श्री मोतीलाल वोरा पुरस्कार भी प्रदान किया गया जिसमे मुख्य रूप से कवि एवं साहित्यकार डॉक्टर निर्वाण तिवारी,अरुण कुमार निगम, शाद बिलासपुरी ,सरला शर्मा, लोक कला के क्षेत्र में शिव कुमार दीपक, कुलेश्वर ताम्रकार, शिवाकांत तिवारी,उत्कृष्ट पार्षद ज्ञान दास बंजारे,मनीष बघेल, पत्रकारिता के क्षेत्र में राजेन्द्रसिंह ठाकुर व्यूरो चीफ नवभारत, सतीश वर्मा पत्रकार देशबंधु, जन सेवा समर्पण अंतर्गत बंटी शर्मा, अमरजीत सिंह,खेलकूद के क्षेत्र में आकर्षी कश्यप,अंजली महतो, खुशी रौना,शिक्षा के क्षेत्र में सानिया मरकाम,मनोहर कोर्राम, शुभ मिश्रा एवं मोना साहू को शाल,श्रीफल,मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र आदि से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।जिला प्रशासन द्वारा गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने निगम क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नोडल अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता को रोका छेका अभियान में अच्छे कार्य करने पर एवं उद्यान प्रभारी अनिल सिंह को शहर क्षेत्र अंतर्गत बड़े तादात पर वृक्षारोपण पर विशेष कार्य करने पर प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर एमआईसी सदस्य अब्दुल गनी, संजय कोहले,भोला महोविया, दीपक साहू,पार्षद मनीष बघेल, श्रद्धा सोनी, विजेंद्र भारद्वाज, निर्मला साहू,एल्डरमेन रत्ना नारमदेव, हरीश साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम,राजेश पांडेय,जितेंद्र समैया, आरके पालिया,संजय ठाकुर,वीपी मिश्रा, गिरीश दीवान,आरके बोरकर के अलावा अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहें।

# एसआर हॉस्पिटल में स्वतंत्रता दिवस समारोह, एसएसबी के कमान्डेन्ट ने किया ध्वजारोहण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** एसआर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर चिखली दुर्ग में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस की 76 वी वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि अशोक कुमार ठाकुर कमांडेंट सशस्त्र सीमा बल (स्स्ब) द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान बांके बिहारी सेकन्ड इन कमान्डेंट सशस्त्र सीमा बल, मृदुल हवलदर डिप्टी कमान्डेनट सशस्त्र सीमा बल के साथ डॉ एसपी केसरवानी, डॉ छाया भारती, अस्पताल के चेयरमैन संजय तिवारी, अखिलेश सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं मां भारती के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद तत्पश्चात अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गया गया। इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधन द्वारा अस्पताल में सेवाएं प्रदान करने वाले कर्मवीर देवदूतों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक कुमार ठाकुर कमांडेंट द्वारा सभी को स्वतन्त्रता दिवस की बधाई दी गई साथ ही देशभक्त शहीदों को याद करते हुए अजादी के महत्त्व को बताया एवं अस्पताल द्वारा किए जा रहे सेवाभाव की भूरी भूरी प्रशंसा की गई ।



अस्पताल के चेयरमैन संजय तिवारी ने समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधन द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान आने वालों स्टाफ को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में कपिल उप्पल, विजय वसंत गवान्डे, जाकिर हुसैन, चंद्रसेन राठौर, अश्वनी शुक्ला, सीमा शर्मा, पदुम महाराणा, राजेश त्रिपाठी, किशोर कुमार, हरी साहू, दामन लाल, गिरजा सिन्हा, स्वाती निषाद, अन्नपूर्णा जोशी, रोशनी यादव, करुणा निषाद, अभिषेक रिझारिया, प्रेम लाल चन्द्राकर, निशा साहू, यमुना पटेल, पंचबाई, यशोदा, संजय मानिकपुरी, संतरा, धमेन्द्र देवांगन, हेमलता देशमुख आदि को कर्मवीर सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जेएन पाण्डेय, अजय तिवारी, शंकर निषाद, शिव जायसवाल, संजय सिह, संगमित्रा, संदीप ओझा, प्रवीण गुप्ता, रूपा चेलक, भारती सिंह, अजय अग्रवाल, शिशिर यवले, लीला, अंजू यादव, लल्ली साहू, दुर्गा व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950